दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





बॉलीवुड सितारों ने पेरिस में धर्म के नाम ......... मशहूर .........

वर्ष : 12 | अंक : 66 | लखनऊ, 27 फरवरी, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी



नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है। अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

### गूगल के डेटा सेंटर में सबसे बड़ी बैटरी



नई दिल्ली। गूगल के नए डेटा सेंटर को सपोर्ट करने के लिए एक विशाल बैटरी सिस्टम लगाया जाएगा, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी बताया जा रहा है। यह 300 मेगावाट और 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाला स्टोरेज सिस्टम होगा, जिसे फॉर्म एनर्जी नाम की कंपनी विकसित कर रही है। इसे अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के पाइन आइलैंड इलाके में तैनात किया जाएगा। इस परियोजना को स्थानीय यूटिलिटी कंपनी एक्सेल एनर्जी लागू करेगी। 1.4 गीगावाट विंड पावर और 200 मेगावाट सोलर ऊर्जा भी ग्रिड में जोड़ी जाएगी।

### गूगल मैप पर दिखेंगे अधिकृत आधार केंद्र



नई दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने देशभर में अधिकृत 'आधार' केंद्रों को गूगल मैप पर प्रदर्शित करने के लिए साझेदारी की है। इस पहल से लोग गूगल मैप पर खोज कर यह जान सकेंगे कि संबंधित आधार केंद्र पर वयस्क नामांकन, बच्चों का नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा जैसी कौन-सी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा गूगल मैप पर आधार केंद्र की सुगम्यता से जुड़ी जानकारी भी दिखाई जाएगी।

## पीएम मोदी ने इजराइल की अग्रणी तकनीकों वाली प्रदर्शनी का दौरा किया

# इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश और विनिर्माण के लिए किया 'आमंत्रित'

तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया

**पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों, कई कंपनियों के सीईओ से की बात**

**'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' के तहत दोनों देश मिलकर कर रहे काम**

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश करने, निर्माण स्थापित करने और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यहां विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की अग्रणी तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

इस प्रदर्शनी में एग्री-टेक, वॉटर-टेक, क्लाइमेट-टेक, हेल्थ-बायोटेक, स्मार्ट मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों की नवीन खोजें शामिल थीं। नवोन्मेषकों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रदर्शित अत्याधुनिक तकनीकों में भारत-इजराइल नवाचार, स्टार्टअप और व्यापार साझेदारी को नई ऊंचाई देने की अपार क्षमता है। खासकर कृषि, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। दोनों देश 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' पहल के तहत आधुनिक चुनौतियों का समाधान विकसित करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों और कई कंपनियों के सीईओ से बातचीत की। उन्हें क्वांटम मशीन ने इजराइली क्वांटम कंप्यूटिंग सेंटर (आईक्यूसीसी) के बारे में जानकारी दी, जबकि क्लासीक कंपनी ने बताया कि वह क्वांटम सॉफ्टवेयर विकास को कैसे आसान बना रही है।



पीएम मोदी और इजराइल के पीएम नेतन्याहू साइबर सुरक्षा समाधान देखते हुए

### कंपनियों ने उत्पादों का प्रदर्शन किया

चेक प्वाइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने उन्नत साइबर सुरक्षा समाधानों और भारत में अपने सहयोग पर प्रकाश डाला। एआईएसएपी नामक स्टार्टअप ने अपनी एआई आधारित पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड तकनीक का प्रदर्शन किया, जो तुरंत जांच और मार्गदर्शन प्रदान करती है। इजराइल के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के होराइजन स्कैनिंग डिवीजन ने 'टेक स्काउट' नामक एआई टूल पेश किया, जो रणनीतिक जोखिमों की पहचान और रुझानों के विश्लेषण में मदद करता है। टेक कंपनी मोबाइलआई ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने सेंसर और चिप तकनीक का प्रदर्शन किया।

### होलोकॉस्ट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र याद वाशेम का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों की याद में वहां एक पत्थर भी रखा। होलोकॉस्ट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया नरसंहार था, जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों को मार डाला गया था। पीएम ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस स्मारक की स्थापना 1953 में इजराइली संसद (नेसेट) के एक अधिनियम के तहत की गई थी और इसे होलोकॉस्ट के स्मरण, दस्तावेजीकरण, शोध और शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 'हॉल ऑफ नेम्स' का दौरा



नेतन्याहू के साथ 'हॉल ऑफ नेम्स' का भी दौरा किया, जहां होलोकॉस्ट में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति को संरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। नेतन्याहू ने मोदी को अपनी पत्नी सारा के उन परिजनों के नाम दिखाए जो होलोकॉस्ट में मारे गए थे।

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति हर्जोग से मुलाकात की



पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पौधा भी लगाया

पीएम मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने भारत-इजराइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इजराइल के राष्ट्रपति को निकट भविष्य में भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मैं आपको भारत आने का निमंत्रण देता हूं, और जब आप आएं, तो अपनी यात्रा को केवल दिल्ली तक सीमित न रखें, बल्कि भारत के अन्य हिस्सों की यात्रा के लिए भी समय निकालें।" हर्जोग ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया के उज्ज्वल भविष्य का एक अभिन्न अंग है।

### 'जय हिंद' से हर्जोग ने दिया दिल जीतने वाला जवाब

पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद इजराइली राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी हिब्रू बोलते हैं और वे जवाब में 'जय हिंद' कहते सुने और देखे जा सकते हैं। दोनों का मतलब एक ही है! दस सेकंड के वीडियो क्लिप में पीएम मोदी कहते हैं, 'एम इजराइल खाई (अमर रहे इजराइल की जनता)।' भारत के पीएम का ये अभिवादन सुन हर्जोग फूले नहीं समाते और कहते हैं, 'आप अद्भुत हैं, और आपके आम इजराइल खाई के जवाब में मैं कहूंगा जय हिंद।'

## कनाडा के बदले सुर

# खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या मामले में भारत के दखल को नकारा



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह कार्नी की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। कनाडा, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद पीएम कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं। हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को नियमित रूप से उठाया गया और उन्हें विश्वास है कि आगे भी इस पर सार्थक चर्चा जारी रहेगी।

### आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर बिगड़े थे रिश्ते

*कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।*

### आज से भारत दौरे पर कनाडा पीएम

*कनाडा के मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च तक चार दिवसीय भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वे 27 फरवरी को कार्नी मुंबई पहुंचेंगे। अगले दो दिनों में वे विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और भारत व कनाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, उद्योग व वित्तीय विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों तथा भारत में स्थित कनाडाई पेंशन फंड प्रमुखों से बातचीत करेंगे। कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। 2 मार्च को दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। दोनों नेता भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान व नवाचार सहित प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की जाएगी। साथ ही जन-संबंधों को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा होगी तथा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।*

## ईरान ने अमेरिका को दिखाया दम

# लॉन्च कर दी 'बैलिस्टिक मिसाइल' 2000 किमी दूर तक साधेगी निशाना

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



बैलिस्टिक मिसाइल खैबर

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। इस बीच स्विट्जरलैंड के जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

## कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस

# जुलाई में डब्ल्यूटीओ करेगा भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



डब्ल्यूटीओ में सीबीआईसी की बैठक

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के 'फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस' कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही।

## 'वायुशक्ति 26' के दौरान आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन



*नई दिल्ली। 27 फरवरी से पोखरण के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'वायुशक्ति 26' अभ्यास शुरू हो गया है। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने सभी संचालन मानकों को सफलतापूर्वक परखा। अभ्यास के दौरान सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि वायु सेना पूरी तरह से हर मिशन के लिए तैयार है। 'वायुशक्ति 26' को लेकर भारतीय वायुसेना ने पहली बार एक आधिकारिक वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की फायरिंग का दृश्य साझा किया है। इसमें वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली से लक्ष्य भेदते हुए देखा जा सकता है। यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमान और मिसाइल जैसे बड़े हवाई खतरों को लंबी दूरी से ही नष्ट करने में सक्षम है। एस-400 प्रणाली अत्याधुनिक रडार और मिसाइल तकनीक से लैस है।*

## आर्थिक साझेदारी पर यूएस के साथ 'सार्थक चर्चा'

# पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और राजदूत सर्जियो गोर से की खास भेंट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'बहुत ही सार्थक चर्चा' की। गोयल ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और भारत में अमेरिकी राजदूत की मेजबानी की और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने और संबंधों को और गहरा करने पर रहा।



हावर्ड लटनिक (बाएं), पीयूष गोयल, सर्जियो गोर

### बैठक 'प्रोडक्टिव' रही: गोर

गोयल ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत ही सार्थक चर्चाएं हुईं। सर्जियो गोर ने भी इस बैठक को 'प्रोडक्टिव' बताया और कहा कि हावर्ड लटनिक और पीयूष गोयल के साथ बहुत ही उपयोगी लंच मीटिंग रही। हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के कई क्षेत्र मौजूद हैं।

### 38 देशों के साथ एफटीए कर चुका भारत

गोयल ने कहा था कि भारत 38 देशों के साथ नौ एफटीए कर चुका है, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक विशेष पहुंच मिली है। इनसे भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिल रहे हैं।

## दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढ-ढूंढकर करेगा तबाह!

# आज समुद्र में उतरेगा भारत का नया योद्धा 'आईएनएस अंजदीप'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में 27 फरवरी यानी शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे 8 पोतों में से तीसरा है। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ जाएगी। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

- चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत अंजदीप को तैनात करेगी
- 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' के तहत तीसरा पोत



डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप

### 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करेगा

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य 30 से 40 मीटर की गहराई वाले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

### आधुनिक हथियारों से लैस

*'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।*

### रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है।*

# कमाई में आगे, शुल्क देने में पीछे हैं प्रचार एजेंसियां

## बिना अनुमति लगे विज्ञापन हटाए गये, 1.05 करोड़ शुल्क वसूला

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** 85 विज्ञापन एजेंसियों की ओर से निजी भूमि एवं भवनों पर विज्ञापन पट लगातार प्रचार किया जा रहा है। यह एजेंसियां प्रचार कंपनियों से करोड़ों कमा रही हैं लेकिन नगर निगम में अनुज्ञा शुल्क जमा करने में पीछे हैं। दूसरी तरफ, नगर निगम के प्रचार विभाग ने गुरुवार को अवैध होडिंगों के खिलाफ अभियान चलाया। इसमें उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई जिन विज्ञापन एजेंसियों ने प्रचार शुल्क जमा नहीं किया था। अभियान के दौरान अलग-अलग इलाकों से करीब 50 विज्ञापन पट हटाए गए और 1.05 करोड़ रुपये प्रचार शुल्क भी वसूला गया।

नगर निगम के प्रचार अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह और प्रचार निरीक्षक पंकज अवस्थी और कृष्ण मगन सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसमें सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ के आसपास और कानपुर रोड से अवैध विज्ञापन पट हटाए गए।

इस दौरान नगर निगम ने 01 करोड़ 05 लाख 08 हजार 546 रुपये प्रचार शुल्क भी जमा कराया। नगर निगम की ओर से यह कार्रवाई एक सप्ताह पहले अमर उजाला की ओर से अवैध विज्ञापन पटों के खिलाफ चलाए गए अभियान की बाद की जा रही है। पिछले चार दिन से चल रहे अभियान के दौरान छोटे बड़े मिलाकर करीब 200 पट हटाए गए हैं। नगर निगम की टीम ने सुल्तानपुर रोड क्षेत्र में मेसर्स आउटडोर लैब्स एडवरटाइजिंग की ओर से लगाए गए विज्ञापन पटों को हटाया। इसके अलावा शहीद पथ से मेसर्स अवध मीडिया एडवरटाइजिंग तथा कानपुर रोड से मेसर्स न्यू लिंटास एडवरटाइजिंग के विज्ञापन भी हटाए गए।

अधिकारियों ने बताया कि बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स शहर की व्यवस्था और नियमों के खिलाफ हैं, इसलिए इनके खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने संबंधित एजेंसियों से लंबित अनुज्ञा शुल्क भी जमा कराया। इस अभियान में कुल 1 करोड़ 5 लाख 8 हजार 546 रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। जिन एजेंसियों पर बकाया है उनमें सिग्मा ट्रेड विंग्स, मंथन, सिंह प्रिंटर्स, लवकुश इंटरप्राइजेज, सेलवेल, प्रथम एडवरटाइजिंग, अरुण इंटरप्राइजेज, केडिया, जेएस जेने, ग्लोबल इंटरप्राइजेज, रोहित इंटरप्राइजेज, यूनिक इंटरप्राइजेज, गुप्ता एसोसिएट्स, सेल्समैन पॉइंट, शिवा पब्लिसिटी, आर०एस० मीडिया, लखनऊ इंटरप्राइजेज, जागृति पब्लिसिटी, अनन्या, एसएलपी पब्लिकेशन, एडवर्ड ग्रुप, ग्लोबल आउटडोर, आर्या कम्युनिकेशन तथा प्रोग्रेसिव मीडिया प्रा.लि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दिव्यांश एडवरटाइजिंग, नेशनल एडवरटाइजिंग, विवेकानंद एडवरटाइजिंग, समृद्धि एडवरटाइजिंग, समेक्स सेल्स, अम्मा इंटरप्राइजेज, प्रभात होल्डिंग्स, एक्सप्रेस मीडिया, पीजीएस मीडिया, प्रांजल इंटरप्राइजेज, दिव्यांशी क्रिएशन, एडवर्ट मीडिया, अनामिका एडवरटाइजिंग, कन्फर्ट एडवरटाइजिंग, राजधानी पब्लिसिटी, ग्लोबल डिजाइन्स, गोल्ड डिजी, पल्स एडवरटाइजिंग, लक्ष्य मीडिया, परफेक्ट इंटरप्राइजेज, लोकेश एंटरप्राइज, रेनोवेशन, होल्डिंग, प्राइमर एडवरटाइजिंग तथा पोस्टर एडवरटाइजिंग शामिल हैं। इसी प्रकार निम्बस एडवरटाइजिंग, साइन क्राफ्ट,



उत्कृष्ट एडवरटाइजिंग, अनुप एडवरटाइजिंग, आउटडोर लैब्स, बेस्ट सेल्स, विनायक एडवरटाइजिंग, रायल कैफे, मैड मैक्स एडवरटाइजिंग, सेल्यूशन हॉस्पिटैलिटी, जेड एडवरटाइजिंग, पल्सर एडवरटाइजिंग, वीआरआई इंडस्ट्री, ग्रीन एडवरटाइजिंग, सानिध्य एडवरटाइजिंग, एस एम मीडिया, अवध एडवरटाइजिंग, सद्गुरु एड सेंटर, अनामिका एडवरटाइजिंग, राज सर्विसेज, क्रिएटिव एडवरटाइजिंग, बाबा मदन कंस्ट्रक्शन, मे० रंजन, एसा ज्वेलर्स तथा दर्पण एडवरटाइजिंग भी शामिल हैं। इसके अलावा सूची में एस एडवरटाइजिंग, टैलेंट एडवरटाइजिंग, मीडिया एडवरटाइजिंग, ओरिजिन एडवरटाइजिंग, इंडिया आउटडोर, फोकस मीडिया, कलेक्शन एडवरटाइजिंग, समीर एडवरटाइजिंग, एडमार्क आउटडोर, न्यू विजन, स्काई मीडिया, अवध मीडिया क्रिएशन, हेल्प लाइन विज्ञापन, हर्ष एडवरटाइजिंग, शैली के एंड कंपनी तथा श्री इंटरप्राइजेज पर भी बकाया है।

# कहीं बजट की कमी तो कहीं एक सड़क के दो टेंडर

## हरिहरनगर में दो टेंडर की शिकायत पर नगर निगम ने अपना निरस्त किया

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** एक ही सड़क के दो टेंडर होने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में एक ही सड़क के दो टेंडर की शिकायत होने पर नगर निगम ने अपना टेंडर निरस्त कर दिया। सड़क निर्माण में देरी और विभागीय तालमेल की कमी से धन की बर्बादी बच गई। वहीं शहर में कई ऐसी सड़कें हैं जो कच्ची हैं मगर उन्हें बनवाने के लिए नगर निगम के पास बजट नहीं है।

यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन ने पिछले वर्ष 22 दिसम्बर को एमएलसी मुकेश शर्मा की विकास निधि से इस्माइलगंज वार्ड प्रथम के हरिहरनगर में सड़क का वर्क ऑर्डर जारी किया था। यह ठेका हरीश सिंह के मकान डी-171 से राय के मकान 166 तक इंटरलाकिंग टाइल्स से सड़क व नाली के निर्माण के लिए हुआ। इसकी लागत 6.68 लाख है। इसी बीच नगर निगम ने भी टेंडर कर दिया। इसी सप्ताह मंगलवार को टेंडर खुल गया। इसी काम को नगर निगम 9.33 लाख से कराने जा रहा था। एमएलसी कोटे से काम लेने वाले भाजपा नेता कृष्णवीर सिंह ने एक ही सड़क का मकान नंबर बदलकर नगर निगम की तरफ से भी टेंडर किए जाने के मामले की शिकायत कर दी। इस मामले में इस्माइलगंज प्रथम वार्ड के पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखा है। कहा कि सीडीओ कार्यालय नगर निगम को सूचना क्यों नहीं दे रहा। पार्षद ने पत्र में लिखा कि इस्माइलगंज (प्रथम) के अन्तर्गत हरिहर नगर मोहल्ले में एक सड़क के लिए विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा के कोटे से कार्य कराने के लिए सिडको को धनराशि जारी की गई। नगर निगम से भी वही सड़क स्वीकृत हो गई, किन्तु किसी को भी जानकारी में यह नही था कि उसी सड़क के लिए विधान परिषद सदस्य की ओर से विकास की धनराशि जारी की गई है। मेरा सुझाव यह है कि लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को नगर निगम से पत्र भेजा जाना चाहिए। इसमें स्पष्ट हो कि लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सदस्य, विधानसभा सदस्य एवं विधान परिषद सदस्यों ने वार्ड के विकास के लिए पत्र भेजा है। ऐसे में इस तरह की घटना दोबारा नहीं होगी।

### भूतनाथ मार्केट से साउथ सिटी तक हटाया गया अतिक्रमण

**लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को जोन-7 क्षेत्र में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान भूतनाथ मार्केट से आजाद मार्केट तक सड़क के दोनों किनारों तथा नाली और नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। नगर निगम टीम ने मौके पर 2 लोहे की जाली, 4 टीन शेड, 2 लकड़ी की टेबल तथा गाड़ी बनाने में उपयोग होने वाले औजारों को जब्त किया। जोन-8 में जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से साउथ सिटी चौकी से मिलेनियम स्कूल होते हुए अंडरपास तक चलाया गया, जहां लोगों द्वारा सड़क किनारे ठेले और अस्थायी दुकानें लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया।

# दुबग्गा में छात्र पर हमला करने के पांच आरोपी दबोचे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। दुबग्गा क्षेत्र के अंधे की चौकी के पास बुधवार देर रात हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। छंदोईया गांव निवासी फय्याज अली ने बताया कि उनका बेटा नुमान बुधवार देर रात किसी काम से अंधे की चौकी के पास गया था। आरोप है कि चाय की दुकान पर पहले से मौजूद गद्दी बगिया निवासी सुफियान, रेहान समेत करीब एक दर्जन लोगों ने नुमान पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में नुमान गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने घायल नुमान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पिता ने दुबग्गा थाने में नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव भी किया। दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रेहान, मो. युसुफ, नसरुद्दीन, मुख्तार और मो. सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# मोबाइल हैक कर 80 हजार रुपये की साइबर ठगी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात जालसाजों ने मोबाइल फोन हैक कर युवक के बैंक खाते से 80,020 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद नगर पंचायत मुजासा निवासी नबील अहमद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि करीब तीन दिन पहले उनका मोबाइल फोन अचानक सही ढंग से काम करना बंद कर दिया। इसी बीच 22 फरवरी 2026 को अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके आईडीबीआई बैंक की मलिहाबाद शाखा स्थित खाते (संख्या 3566015) से यूपीआई के माध्यम से 80,020 रुपये पार कर दिए। मोबाइल हैक होने के कारण उन्हें लेनदेन की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी। जब खाते से रुपये निकलने का पता चला तो उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल थाना मलिहाबाद पहुंचकर लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि साइबर सेल की सहायता से लेनदेन का पूरा विवरण खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण अब दो सप्ताह बाद होगा



**लखनऊ।** गोमती नगर के समतामूलक चौक से डालीगंज पुल तक ग्रीन कॉरिडोर योजना के दूसरे फेज का शनिवार 28 फरवरी को होने वाला लोकार्पण टल गया है। देश के रक्षामंत्री व शहर के सांसद राजनाथ सिंह के सरकारी कार्य में व्यस्तता के चलते फिलहाल यह कार्यक्रम स्थगित हो गया है। ऐसे में दिल्ली से लखनऊ नहीं आ पाएंगे इसको लेकर सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी की ओर से गुरुवार शाम सूचना भी जारी की गई है।

पहले लोकार्पण 22 फरवरी को प्रस्तावित था मगर नहीं हो पाया है। उसके बाद एक मार्च की चर्चा और फिर बाद में 28 फरवरी की तारीख तय बताई गई। अब अचानक 28 को भी लोकार्पण नहीं हो पाएगा। ऐसे में अब तीसरी बार लोकार्पण टला है। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी कार्य में व्यस्तता के चलते सांसद 28 फरवरी को नहीं आ पाएंगे। इसके कारण ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण सहित अन्य कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है। दो सप्ताह के अंदर सांसद आएंगे तब लोकार्पण व अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानाकारों का कहना है कि समतामूलक से निशातगंज और वहां से हनुमान सेतु तक का कॉरिडोर करीब डेढ़ महीने से तैयार है और लोकार्पण के इंतजार में शुरू नहीं हो पा रहा है। इसके शुरू होने के बाद रोजाना करीब दो लाख की आबादी को फायदा होगा। कॉरिडोर के अलावा गोमती नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

# कूटरचित दस्तावेज से भूमि विक्रय करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन को विक्रय करने वाले आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। माल आंट गढ़ी सौरा निवासी अहमद अली को उसके गांव से पकड़ लिया गया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के मुताबिक लखनऊ के गोमती नगर विस्तार निवासी अभिमन्यु कुमार सिंह ने बीते 14 नवंबर को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि उन्होंने माल के ग्राम बिशनपुर स्थित 16 बिस्वा जमीन अहमद अली से विधिवत खरीदी थी। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसी भूमि का आधा हिस्सा अहमदपुर निवासी सुमित्रा के नाम बेच दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना और धन उगाही की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान



आरोपी अहमद अली – फोटो

तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा, संबंधित लेखपाल समेत कुल छह लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है। अन्य नामजद आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सैनिक स्कूल के पास फिर जाम से जूझे राहगीर

### सर्विस रोड मरम्मत के दौरान लगा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सैनिक स्कूल के पास गुरुवार को एक बार फिर राहगीरों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। सर्विस रोड की मरम्मत कार्य के दौरान यातायात प्रभावित हो गया। जल्दीबाजी के चक्कर में वाहन चालक विपरीत दिशा से आने लगे। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंमी कतारें लग गईं। जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे यातायात पुलिसकर्मी ने कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया। उल्लेखनीय है कि कानपुर की तरफ से आने वाली पटरी सैनिक स्कूल के सामने खराब हो गई थी। जिसकी मरम्मत का काम गुरूवार की सुबह शुरू किया गया। मरम्मत के लिए सर्विस रोड जेसीबी लगाए जाने से रोड सकरी हो गई। इस दौरान एक वाहन ही निकल पा रहा था। जिससे सैनिक स्कूल गेट के सामने से हाइडिल तिराहे तक जाम लग गया। इस जाम से बचने के लिए कानपुर की तरफ से आने वाले राहगीर विपरीत दिशा से जाने लगे। जिससे कानपुर की तरफ जाने वाली पटरी पर भी जब लग गया। इस जाम में स्कूल बसों के फंसने से जहां बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी हुई वहीं नौकरी-पेशा लोग भी घंटों जाम में फंसे रहे। इसकी जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे एक यातायात पुलिसकर्मी को सड़क का जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अक्सर मरम्मत या निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं की जाती, जिससे बार-बार जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लोगों ने संबंधित विभाग से मरम्मत कार्य के दौरान यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

# हाईटेंशन लाइन के तार चोरी, किसानों की सिंचाई ठप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद अमानीगंज विद्युत उपकेंद्र काकोरी एजी फीडर पर बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने 11 हाईटेंशन लाइन पोलों से विद्युत तार काटकर चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र के किसानों में हड़कंप मच गया और सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। जानकारी के अनुसार मलिहाबाद सहिलामऊ हार निवासी गंगाप्रसाद के नलकूप से लेकर जमाल अहमद और ज्ञानेंद्र मौर्य के नलकूप तक लगी विद्युत लाइन को निशाना बनाया गया। गुरुवार सुबह जब ज्ञानेंद्र मौर्य अपने बाग में पहुंचे तो उन्हें तार कटे मिले। इसके बाद अन्य किसानों को सूचना दी गई। पीड़ित किसानों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर लिखित शिकायत दी। विभागीय अवर अभियंता (जेई) राजकुमार ने किसानों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, जिस पर प्रार्थना पत्र दर्ज करा दिया गया है। तार चोरी होने से फसलों और नर्सरी की सिंचाई प्रभावित हो गई है।

# अटारी में शोक, जननायक को दी गई अंतिम विदाई

### सम्मान और स्नेह से भरा जीवन, यादों में रहेंगे कुंवर शैलेंद्र वीर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल अटारी राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं जनप्रिय समाजसेवी कुंवर शैलेंद्र वीर सिंह के निधन से क्षेत्र शोकसागर में डूब गया। वह माल अटारी के राजा कुंवर बलबीर सिंह के छोटे भाई तथा माल प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान के ससुर थे। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे कुंवर शैलेंद्र वीर सिंह ने बुधवार को लखनऊ अलीगंज आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार फैलते ही अटारी सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। कुंवर शैलेंद्र वीर सिंह केवल एक नाम नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए सहारा और विश्वास का प्रतीक थे। उनका व्यक्तित्व अत्यंत सरल, विनम्र और करुणामय था। गांव का कोई भी व्यक्ति चाहे किसी भी वर्ग या समुदाय से हो, यदि उस पर संकट आता तो कुंवर साहब सबसे पहले उसके द्वार पर खड़े दिखाई देते थे। गरीबों, किसानों और जरूरतमंदों के प्रति उनकी संवेदनशीलता उन्हें आमजन के बेहद करीब ले आई थी। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी गहरी पकड़ थी, लेकिन उन्होंने पद और प्रतिष्ठा से अधिक इंसानियत को महत्व दिया। यही कारण था कि उनके दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव अटारी में नम आंखों और भारी मन से किया गया। अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंत्री, विधायक, सांसद, एमएलसी, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सहित जिलाधिकारी, एसडीएम और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। हर कोई उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचा और श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोकसभा में लोगों ने कहा कि कुंवर शैलेंद्र वीर सिंह का जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका स्नेह, संरक्षण और मार्गदर्शन सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीते दिनों एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनी नगर के सिद्धार्थनगर निवासी महिला के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी 24 फरवरी मंगलवार को सुबह घर से कहीं चली गई। पीड़ित महिला का कहना है कि वह अपने दोस्त से मिलने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इसके बाद उसके परिचितों और रिश्तेदारी में उसका पता लगाया गया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। काफी खोजबीन के बाद पीड़िता ने सरोजनी नगर पुलिस को मामले से अवगत कराया। फिलहाल पुलिस ने महिला की तहरीर पर अगवा की धारा में मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे किशोरी का पता लगा रही है।

# भाजपा ने की नए ज़िलाध्यक्षों की घोषणा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार के तहत 11 नए जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से की गई हैं, जिनमें पश्चिम, ब्रज, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्रों को शामिल किया गया है।पश्चिम क्षेत्र में शामली, अमरोहा, सहारनपुर और बागपत जिलों में नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनमें शामली से रामजीलाल कश्यप, अमरोहा से उदयगिरी गोस्वामी, सहारनपुर से अजीत सिंह राणा और बागपत से नीरज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।ब्रज क्षेत्र में पीलीभीत से गोकुल प्रसाद मौर्य को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अवध क्षेत्र में लखीमपुर खीरी, गोंडा और अयोध्या में नई नियुक्तियां की गई हैं। लखीमपुर खीरी से अरविंद गुप्ता, गोंडा से इकबाल बहादुर तिवारी, अयोध्या जिला से राधेश्याम त्यागी और अयोध्या महानगर से कमलेश श्रीवास्तव को पद सौंपा गया है।काशी क्षेत्र में मिर्जापुर से लाल बहादुर सरोज तथा गोरखपुर क्षेत्र के सिद्धार्थनगर से दीपक मौर्य को नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।प्रदेश नेतृत्व का कहना है कि इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को और मजबूत किया जाएगा तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ को सुदृढ़ किया जाएगा।

# घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला राजगीर मिस्त्री का शव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक राजगीर मिस्त्री ने संदिग्ध हालत में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गंवा दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनी नगर के चिल्लावां गांव में रहने वाला रूपचंद (30) अपनी पत्नी सोनी और 2 साल के बच्चे विनायक के अलावा अपनी मां मीना के साथ रह कर राजगीर मिस्त्री का काम करता था। वहीं मीना लोगों के घरों में झाड़ू पोछा का काम करती हैं। बुधवार को सोनी बच्चे को लेकर एक शादी समारोह में शामिल होने अपने मायके उन्नाव जिले के कोंइथर गांव गई थी। जबकि गुरुवार सुबह मीना घर के अंदर कमरे में ताला बंद कर झाड़ू पोछा करने एलडीए कॉलोनी चली गई। बताते हैं कि रूपचंद के मामा सरोजनी नगर के गंगानगर, अमौसी निवासी रिंकू की बाइक कई दिनों से रूपचंद के घर में खड़ी थी। सुबह करीब 10 बजे रिंकू अपनी बाइक लेने रूपचंद के घर पहुंचे तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर उन्होंने कई बार आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद रिंकू ने रूपचंद को फोन किया, लेकिन कई बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं रिसीव हुआ। जिसके बाद रिंकू बाउन्ड्रीवाल फांदकर घर के अंदर पहुंचे तो कमरे में बाहर से बंद ताला टूटा होने के साथ कमरे के अंदर रूपचंद पंखे के हुक से साड़ी के सहारे मृत लटका मिला। यह देख रिंकू के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना अपनी बहन मीना को दी। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। रूपचंद ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध हालत में लड़की लापता, बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से बीते दिनों 19 वर्षीय लड़की संदिग्ध हालत में लापता हो गई। इस मामले में परिजनों ने अज्ञात युवक पर बहला फुसला कर उसे भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला के मुताबिक बीती 22 फरवरी को वह बंथरा थाना क्षेत्र स्थित अपनी रिश्तेदारी गई थी। जबकि उस समय घर पर उसकी 19 वर्षीय बड़ी बेटी और उससे छोटी बेटी घर पर मौजूद थी। महिला का कहना है कि तभी दोपहर 2 बजे बड़ी बेटी को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। जानकारी होने के बाद छोटी बेटी ने फोन कर इसकी सूचना अपनी मां को दी। महिला का कहना है कि विशाल रावत नामक एक अज्ञात युवक उनकी बेटी से पहले बातचीत करता था। पूर्ण रूप से विश्वास है कि वही उसे कहीं बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता का कहना है कि जानकारी होने के बाद परिजनों ने रिश्तेदारी व परिचितों के यहां बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित महिला ने अपनी बेटी के साथ आरोपी द्वारा कोई अप्रिय घटना अंजाम देने की आशंका जताई है। फिलहाल पीड़ित महिला की तहरीर पर बिजनौर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे उसका सुराग लगा रही है।

# फिल्म इंडस्ट्री में काम दिलाने का झांसा, 72 लाख की ठगी का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के साउथ सिटी, रायबरेली रोड निवासी हेमन्त कुमार राय ने 72 लाख रुपये की ठगी, 20 लाख रुपये की कार हड़पने और रेप के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर 25 फरवरी को पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

### 72 लाख रुपए उधार के नाम पर लिए

हेमन्त कुमार राय के अनुसार, उनकी मुलाकात संजय सिंह के माध्यम से मुंबई निवासी सैय्यद अख्तर हसन उर्फ पंछी जलौनी से हुई थी। आरोप है कि 24 दिसंबर 2023 को संजय सिंह और सैय्यद अख्तर हसन उनके घर आए। एक साल में रकम लौटाने का भरोसा दिलाकर 72 लाख रुपये उधार लिए। यह रकम किस्तों में ट्रांसफर की गई। 17 जनवरी 2024 को 15 लाख रुपये केनरा बैंक के खाते में, 18 जनवरी 2024 को 7 लाख रुपये पंजाब एंड सिंध बैंक के खाते में और 50 लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भेजे गए। हालांकि, काफी समय बीतने के बाद भी आरोपियों ने केवल 50 हजार रुपये ही वापस किए। हेमन्त का आरोप है कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने उन्हें रेप केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। उन पर दबाव बनाकर लगभग 20 लाख रुपये कीमत की एक चार पहिया गाड़ी अपने नाम खरीदवा ली, जिसका भुगतान भी हेमन्त कुमार राय के खाते से कराया गया। हेमन्त कुमार राय ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी फिल्म इंडस्ट्री में काम दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल करते हैं। उनके मुताबिक, उन्हें लगातार अज्ञात नंबरों से फोन आ रहे हैं और उनके परिवार को भी खतरा बना हुआ है। पीजीआई पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### दबंगो ने दुकान के बाहर की तोड़फोड़

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ कस्बा के मोहल्ला कसैटा निवासी मोहम्मद वैश पुत्र अब्दुल कय्यूम ने गुरुवार पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि रोजी रोटी कमाने के लिए लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर स्थित एक ढाबे के पास वाल कम्पाउंड की दुकान चलाता है बुधवार की मध्य रात्रि के बाद कार सवार चार लोग पहुंचे और बाहर रखी सीमेंट की कुर्सियां तथा सीमेंट के बने उपकरण तोड़ने लगे तोडफोड़ की आवाज सुनकर उठे और विरोध किया तो धमकी देने लगे कि दुकान हटा लो चलने नही देगें इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी में प्राइवेट दाई ने प्रसूता से की गाली गलौज

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के सरकारी अस्पताल में प्राइवेट दाई ने बाथरूम जाने की बात से नाराज होकर एक प्रसूता को सरेआम जमकर गाली-गलौज किया। प्रसूता के पति ने प्राइवेट महिला कर्मी की शिकायत चिकित्साधीक्षक से की है। क्षेत्र के ग्राम कटरी गदनपुर आहार अंतर्गत मजरा चौगवां निवासी राकेश द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ मुकेश कुमार को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसकी पत्नी नीतू का सरकारी अस्पताल में प्रसव बीते बुधवार को हुआ था। आज गुरुवार की सुबह नीतू लघुशंका के लिए बाथरूम जाने लगी। इसी बात से चिढ़कर वहीं पर मौजूद प्राइवेट दाई ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए अपमानित किया। पीड़िता के पति ने चिकित्साधीक्षक से प्राइवेट महिला कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

### अंडर ट्रेनिंग प्रशिक्षु ने जन सुनवाई में सुनी शिकायते

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सीओ कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अंडर ट्रेनिंग प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में सुनीता पत्नी पप्पू, निवासी छेरेरा मजरा रघुवर खेड़ा, ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस के राम सिंह, रोहित, लला और रामरती ने उनकी सहन की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर सभी एकजुट होकर गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। इस पर प्रशिक्षु आईपीएस ने तत्काल दरोगा को मौके पर भेजकर जांच रिपोर्ट तलब की।वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बहूदीनपुर निवासी राम फूल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वसीयत में दर्ज उनके मकान पर रहीस खान, शहीद, वहीद, अनवर और अफजल समेत अन्य लोग कब्जा किए हुए हैं और विरोध करने पर अभद्रता करते हैं। जिसपर प्रशिक्षु आईपीएस ने अजगैन पुलिस को जांच कर आवश्यक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के बाद प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने सीओ कार्यालय की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसटीएस की टीम ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित चर्म व मांस निर्यात इकाइयों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों का खुलासा हुआ है। एटीएस लखनऊ ने बुधवार देर रात छापेमारी कर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। वह फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे यहां स्लाटर हाउस में मजदूरी कर रहा था। इस कार्रवाई के बाद औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सैफुल पुत्र फरीदुल आलम निवासी लंबामथ, नाइकस्यांगछारी मौजा, बंदरबन (बांग्लादेश) के रूप में हुई है।एटीएस के अनुसार, सैफुल लगभग पांच से छह वर्ष पहले अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश से बेनापोल-24 परगना (पश्चिम बंगाल) और खुलना बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुसा था।सैफुल ने पहले करीब एक वर्ष मुंबई में रहकर पंखे के रेगुलेटर बनाने का काम किया।इसके बाद वह उन्नाव आ गया और दही औद्योगिक क्षेत्र के स्लाटर हाउसों में नौकरी करने लगा।एटीएस को सूचना मिली थी कि दही औद्योगिक क्षेत्र की मांस निर्यातक इकाइयों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाकर काम कर रहे हैं और शिवनगर जैसे मोहल्लों में किराए के मकानों में रह रहे हैं।इसी सूचना के आधार पर 25 फरवरी 2025 की रात शिवनगर मोड़ पर सैफुल को दबोचा गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसकी जांच में उसके नाम से बना जाली भारतीय आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड पर विशाल धर्म कांटा का पता दर्ज था और उसकी उम्र 29 वर्ष दिखाई गई थी। तलाशी के दौरान सैफुल की जेब से भारतीय मुद्रा भी बरामद हुई। मोबाइल की गैलरी में उसके परिजनों - पिता फरीदुल आलम, मां खदीजा बेगम और फातिमा बेगम - के बांग्लादेशी पहचान दस्तावेजों की तस्वीरें भी मिलीं, जो वर्ष 2008 में जारी हुए थे।दही थाना पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है।पूछताछ में सैफुल ने स्वीकार किया कि उसने एक दलाल के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड बनवाया था, हालांकि वह दलाल का नाम स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। उन्नाव में उसने पहले नूर मोहम्मद की मीट कंपनी 'नूर इंटरप्राइजेज' में काम किया और बाद में दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेएस स्लाटर हाउस में हेल्पर के रूप में कार्य करने लगा।एटीएस लखनऊ यूनिट के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह की तहरीर पर दही थाना में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) (धोखाधड़ी), धारा 337 (धोखाधड़ी से सरकारी दस्तावेज बनवाना), धारा 340 (जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को असली के रूप में प्रयोग करना) तथा आप्रवासन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 की धारा 21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह अधिनियम विदेशी नागरिकों के प्रवेश, निवास और निगरानी के लिए बनाया गया आधुनिक कानूनी ढांचा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एकीकृत डेटाबेस प्रणाली पर आधारित है

## पीएम संबोधित शिक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (टीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर सभी सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों व जनपद के शिक्षकों ने वर्ष 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू करने की केन्द्र सरकार की मंशा का विरोध किया और इसे अन्यायपूर्ण व असंवैधाधिक करार दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया। आरटीई एक्ट 2009 लागू होने के बाद परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों को टेट की अर्हता अनिवार्य है। लेकिन केन्द्र सरकार ने गोपनीय तरीके से वर्ष 2017 में संशोधन कर वर्तमान में सभी कार्यरत शिक्षकों पर भी टेट की बाध्यता लगा दी है। केन्द्र सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रही है। इसी बात का विरोध पूरा शिक्षक समाज कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि सभी शिक्षक अपनी भर्ती के समय न्यूनतम अर्हता रखते हैं।टेट वर्ष 2011 भर्ती से लागू हुआ है। इसलिए पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर उक्त नियम लागू नहीं होता है और केन्द्र सरकार ने न्यायालय में लचर पैरवी की है। आज के एकदिवसीय धरना में टीएफआई के सभी सदस्य संगठन जिनमें प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ, सीनियर बेसिक व एससी-एसटी शिक्षक संघों के पदाधिकारियों व हजारों शिक्षकों ने टेट बाध्यता को समाप्त करने की मांग केन्द्र सरकार से की। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व जूनियर के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि उक्त समस्या का हल केन्द्र सरकार लोकसभा में अध्यादेश संशोधन करके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता समाप्त करे अन्यथा लाखों की संख्या में शिक्षक समाज अपने हक के लिए संघर्ष करेगा। धरना का सफल संचालन प्राथमिक के जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा व जूनियर के जिलामंत्री राम जनम सिंह ने संयुक्त रूप से किया।इसके अतिरिक्त धरने को पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, संजय सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष, अजय कटियार संयुक्त मंत्री, सूर्यकांत सिंह जिला उपाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, संदीप द्विवेदी, शशांक भूषण तिवारी, विनोद सिंह, अभिषेक मिश्र नूतन, विकास सिंह, अविनाश तिवारी, रज्जू प्रसाद, सुदीप सचान, कमलेश कुमार, तहसील प्रभारी पुरवा शिवम चौरसिया, जयदीप शुक्ल, देवेंद्र, महेंद्र सिंह, संदीप शुक्ल, निधि मिश्रा महामंत्री महिला शि० संघ, विकास मिश्र जिलाध्यक्ष सीनियर बेसिक शि० संघ, वीरेंद्र मिश्र, आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन, मीडिया प्रभारी मदन पाण्डेय आदि ने सम्बोधित किया। आज के धरना में श्यामू चौरसिया, राम करन मौर्य, योगेश कुमार, आलोक अवस्थी, डी० के० मिश्र, प्रवीण शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, मनोज पटेल, अरविन्द कुमार समेत हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## तेज रफ्तार टैंपो ने वृद्ध को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक सड़क हादसे में 62 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। अकरमपुर क्षेत्र में उन्नाव-कानपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार टैंपो ने सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठे वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक मिश्री लाल (62) पुत्र स्वर्गीय महादेव, जो माखी थाना क्षेत्र के निवासी थे और वर्तमान में अकरमपुर में रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि मिश्री लाल प्रतिदिन की तरह अपने घर के बाहर उन्नाव-कानपुर रोड किनारे फुटपाथ पर बैठे थे।इसी दौरान, एक तेज रफ्तार टैंपो अनियंत्रित होकर आया और उसने मिश्री लाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिश्री लाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि टैंपो चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। मिश्री लाल के परिवार में उनका एक बेटा है।पिता की आकस्मिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्नाव-कानपुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का चलना आम बात है और सड़क किनारे सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिसके कारण आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे की भूमि से जल्द हटेगा अवैध कब्जा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर प्रशासनिक सख्ती बढ़ गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शहर, मगरवारा और शुक्लागंज के बीच रेलवे भूमि पर काबिज 1000 से अधिक कच्चे पक्के मकान, झुग्गी-झोपड़ी और अस्थायी ढांचे चिह्नित किए गए हैं।इन पर जल्द कार्रवाई की तैयारी है। कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर गंगाघाट से जैतीपुर के बीच रेलवे की जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है।ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे दोनों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहा है। जहां-जहां कब्जे मिले, वहां सीमांकन कर अतिक्रमण चिह्नित किया गया है। कई स्थानों पर पहले ही अवैध निर्माण हटाकर दीवारें खड़ी की जा चुकी हैं।लोकनगर क्षेत्र में बाउंड्रीवाल निर्माण के दौरान कई मकान रेलवे की भूमि पर पाए गए। रेलवे ने इन मकानों के स्वामियों को नोटिस जारी कर स्वयं निर्माण हटाने को कहा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे दीवार निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। गांधी नगर और ईदगाह मोहल्ला में भी इसी प्रकार रेलवे भूमि पर कब्जे सामने आए हैं।मगरवारा स्टेशन के पास रेलवे ने पूर्व में भी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया था। वहीं, गंगाघाट क्षेत्र के राजीव नगर खंती में लगभग 800 कच्चे और पक्के मकान रेलवे भूमि पर बने होने की बात सामने आई है। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ये कब्जे नहीं हटाए गए हैं। इसी तरह कानपुर-बालामऊ रूट पर गंजमुरादाबाद रेलवे स्टेशन (हाल्ट) के पास भी नट और घुमंतू समुदाय के लोग तिरपाल व झोपड़ियां बनाकर रह रहे हैं।उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रैक के किनारे अतिक्रमण न केवल रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर निर्माण ट्रैक के बेहद करीब तक कर लिया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। डीआरएम वर्मा ने पुष्टि की कि पूर्व में सभी कब्जाधारकों को नोटिस भेजे जा चुके हैं और अब अवैध निर्माण को ढहाकर जमीन कब्जामुक्त कराई जाएगी। आरपीएफ की ओर से भी समय-समय पर चेतावनी दी गई थी। रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने बताया कि ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों को लगातार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। निर्धारित समयसीमा में कब्जा न हटाने पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अभियान चलाकर जमीन को कब्जामुक्त कराया जाएगा और ट्रैक के दोनों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा किया जाएगा। आगामी दिनों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की संभावना है, जिससे प्रभावित परिवारों में चिंता का माहौल है।

## सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।क्षेत्र के ग्राम भगवंत पुर गोटपाली में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस मैनपुरी के विख्यात कथा व्यास प्रवेश शास्त्री ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की ग्लानि हुई है, तब-तब भगवान कृष्ण धर्म की पुनर्स्थापना हेतु भारत में ही अवतरित हुए हैं।क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी सुशील कुमार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज गुरुवार को कथानक का वर्णन करते हुए भागवताचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि मथुरा के राजा कंस द्वारा राज्य की आम जनता और धमार्चार्यों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा।साथ ही राजा द्वारा धर्मार्थ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया जाने लगा।जिससे राज्य के सभी वर्गों के लोग त्राहि त्राहि करने लगे। इसी कड़ी में कंस ने अपनी बहन देवकी और उनके पति वसुदेव को भी जेल में डाल दिया।उन्होंने कहा कि प्रत्येक अत्याचारी का अंत सुनिश्चित है। राजा कंस के अत्याचारों से मुक्ति के लिए ही देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण ने जेल के अंदर जन्म लिया। प्रकृति ने भी उनकी भरपूर सुरक्षा की और वसुदेव ने बालकृष्ण को अपने संबंधी बाबा नंद के यहां यशोदा की गोद में पहुंचा दिया। भगवान कृष्ण के जन्म की सूचना मिलते ही गोकुल में बधाइयां बजने लगीं। इस अवसर पर भागवताचार्य के सोहर गीत प्रस्तुत करते ही पांडाल में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु नृत्य करने लगे।कथा समाप्ति पर परीक्षित की भूमिका निभा रहीं आयोजक की मां जगरानी ने भगवान बालकृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।प्रसाद वितरण की व्यवस्था आयोजक की धर्मपत्नी मीरा सहित कमलेश, विनोद कुमार, विपिन कुमार, सुनील, राम लखन, रामनरेश, अलंकार व जितेन्द्र कुमार आदि श्रद्धालुओं ने सम्हाली।

## नॉर्दन रेलवे के आईजी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नॉर्दर्न रेलवे के आईजी पंकज गंगवार ने गुरुवार को उन्नाव रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।उनके आगमन से स्टेशन परिसर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं।आईजी ने स्टेशन पहुंचते ही प्लेटफार्मों का स्थलीय निरीक्षण किया और ट्रेनों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने त्योहार के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से संवाद कर सुविधाओं और सुरक्षा संबंधी जानकारी भी ली।आईजी पंकज गंगवार ने रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के इंस्पेक्टर हरीश कुमार से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जवानों की संख्या, गश्त की व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी और प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण के उपायों के बारे में पूछा। आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।आईजी पंकज गंगवार ने रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के इंस्पेक्टर हरीश कुमार से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जवानों की संख्या, गश्त की व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी और प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण के उपायों के बारे में पूछा। आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया गया। आईजी ने कैमरों की कार्यक्षमता, रिकॉर्डिंग सिस्टम और मॉनिटरिंग व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रहें और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।इस मौके पर आरपीएफ के साथ जीआरपी पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आईजी ने दोनों बलों के बीच समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि त्योहारों के समय असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं, ऐसे में रेलवे परिसर में सतर्कता और चौकसी बढ़ाना आवश्यक है। आईजी के निरीक्षण के बाद स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। यात्रियों की जांच, प्लेटफार्म पर निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, ताकि होली पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

## संगोष्ठी वार्षिकोत्सव एवं निपुण सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं निपुण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।ग्राम प्रधान राकेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।ग्राम प्रधान यादव ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है । उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में ही कराने की अपील की। प्रभारी शिक्षिका गीता यादव ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क पुस्तके ,,दिव्यांग बच्चो को छात्रवृत्ति , जूता,मोजा , ड्रेस व बैग की व्यवस्था की जा रही है ह्न ए आर पी राजकुमार द्विवेदी ने अभिभावकों से कहा कि नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजे। बच्चों ने बालिका शिक्षा ,नारी शक्ति,एवं नशाखोरी की लत पर नाटक तथा जंगल नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ए आर पी अनुज विश्वकर्मा व शिक्षक मुन्नी लाल यादव, संकुल सुभाष यादव, निजाम अहमद , अरुण कुमार , अनामिका, शर्मिला, निजाम अहमद,दिनेश कुमार, अवधेश यादव,शशांक चौहान, गीता यादव ,देवेंद्र प्रताप सिंह ,ठाकुर प्रसाद , सर्वेश वर्मा,कौशलेंद्र कुमार, अभिषेक तिवारी , रजिया खातून, संतोष कुमार सिंह व शिखा सिंह सहित अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।



## झाड़फूक के नाम पर टप्पेबाजी करने वाला बाबा गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक महिला से झाड़-फूंक के नाम पर टप्पेबाजी करने वाले एक बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बुधवार शाम इस घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब पांच बजे एक महिला अपने पति के साथ बाइक से लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित दुबेगढ़ी मोड़ के पास से गुजर रही थी। तभी गौतमबुद्ध नगर के बिसरख थाना क्षेत्र निवासी सुदननाथ पुत्र स्वराजनाथ, जो बाबा की वेशभूषा में था, महिला के पास आया। उसने झाड़-फूंक के बहाने महिला के गले से लॉकेट ठग लिया।घटना की सूचना मिलते ही आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह और चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच-पड़ताल शुरू की और आरोपी सुदननाथ को हिरासत में ले लिया।कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटनास्थल से ठगा गया लॉकेट भी बरामद कर लिया। गुरुवार को आरोपी सुदननाथ को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज हैदराबाद प्रेम नारायण पाण्डेय, कांस्टेबल रितेश पटेल, कांस्टेबल रवीन्द्र यादव और कांस्टेबल पप्पू प्रजापति शामिल थे।




## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने थाना प्रभारी सोहरामऊ को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव का ही एक युवक उनकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

तहरीर के अनुसार, घटना 23 फरवरी 2026 की रात की है। आरोप है कि गांव निवासी लवकेश शुक्ला उर्फ लकी उम्र लगभग 20 वर्ष उनकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि किशोरी घर में रखे लगभग 50 हजार रुपये नकद तथा अपनी माता के कुछ जेवरात भी साथ ले गई है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा तो पिता ने थाने में तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सोहरामऊ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है तथा सर्विलांस की मदद भी ली जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया गया है।

## विद्युत बिल में उपभोक्ताओं को दी जा रही छूट

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत तीसरे के समापन में दो दिन अवशेष हैं जिसमें इस योजना में घरेलू, वाणिज्यिक, स्थाई रूप से विच्छेदित उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिल के विद्युत अतिभार में 100% तथा मूलधन में 15% की छूट दी जा रही है। साथ ही विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में अधिकतम 40% की छूट दी जा रही है। विद्युत वितरण खण्ड मध्यांचल पुरवा के अधिशाषी अभियंता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिजली उपभोक्ताओं से 28 फरवरी तक लाभ लेने का आवाहन किया है। आपको बता दें कि इसके पहले दो चरण चलाए जा चुके हैं।

## राशन वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पकराबुजुर्ग में राशन वितरण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए पाटन से पुरवा मार्ग में जाम लगाकर प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने -पुरवा से पाटन रोड में पनहन के पास रोड जाम कर दी, जिसके बाद प्रशासन ने कोटेदार की दुकान सीज कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार राजू पिछले तीन महीनों से ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर राशन वितरण दिखाता रहा, लेकिन लाभार्थियों को एक दाना भी अनाज नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केवाईसी के नाम पर प्रत्येक राशन कार्ड धारक से 50 रुपये की अवैध वसूली भी की गई। इस अनियमितता से कई परिवारों के सामने खाद्यान्न का संकट खड़ा हो गया है।सड़क जाम की सूचना मिलते ही सप्लाई इंस्पेक्टर मनोज और बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले की जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में अनियमितता के संकेत मिलने पर तत्काल प्रभाव से राशन की दुकान को सीज कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरी कर गुजर-बसर करने वाले परिवारों को बाजार से महंगा राशन खरीदना पड़ रहा है। महिलाओं ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि बच्चों का पेट भरना मुश्किल हो गया है, जबकि सरकारी योजना के तहत मिलने वाला अनाज ही उनका एकमात्र सहारा है।अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि होली से पहले सभी पात्र लाभार्थियों को बकाया राशन वितरित कराया जाएगा। साथ ही, पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो सका।

# चौदह कोशीय परिक्रमा का भक्तों ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को जानकीकुंड से प्रारम्भ होने वाली चौदह कोशीय परिक्रमा में हजारों की तादात में जत्थों के रूप में महिलाओं ने परिक्रमा प्रारम्भ कर माता जानकी व बाबा बलखंडेस्वर महादेव के दर्शन किये।इस परिक्रमा का समापन तीसरे दिन बिठूर में होता है।

फाल्गुन माह के दशमी से चली आ रही परंपरागत तरीके से चौदह कोशीय पैदल परिक्रमा में जानकी कुंड की परिक्रमा कर बिठूर तीर्थ की ओर प्रस्थान किया जाता है।

जानकीकुंड आश्रम के पुजारी बड़कऊ दीक्षित व अनुराग त्रिपाठी ने बताया मान्यता के अनुसार फाल्गुन माह की दशमी को जानकी कुंड से प्रारम्भ होकर बिठूर होते हुए बड़े हनुमान तक लोग चौदह कोशीय परिक्रमा पैदल पूरी करते है जिसके बाद वापसी में बिठूर आकर ब्रम्हवर्त खूंटी पर दीपक जलाकर गंगा जी से जल लेकर घर के लिए वापस हो जाते है।

जानकी कुंड में परिक्रमा के दौरान लोग बांस की छड़ी लेकर परिक्रमा करते है लोगो का मानना है ऐसा करने से वंश व्रद्धि होती है और समृद्धि प्राप्त होती है।मान्यता है कि भगवान राम ने जब सीता का परित्याग किया तो उनको यही बल्यमिकी आश्रम में आश्रय मिला था। यही पर लव व कुश का जन्म हुआ था।

अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।बिठूर से परियर तक कई जगहों पर भंडारा व प्रसाद वितरण पूरे दिन चलता रहा। इस पैदल परिक्रमा मेले में महिलाओं की संख्या अधिक रहती हैं

परियर में स्थित अति प्राचीन बाल हनुमान मंदिर बिठूर से भव्य राम दरबार व लडडू गोपाल का डोला ,रामदरबार,राधा कृष्ण,भोले बाबा की झांकी रथ यात्रा डी जे, बैंड बाजा,डोल के साथ बिठूर मंदिर से होते हुए परिक्रमा के दौरान परियर बाबा बलखंडेश्वार मंदिर होते हुए जानकी कुंड आश्रम पहुची।जिसमें जगह जगह रथ में मौजूद राम दरबार , लड्डू गोपाल की लोगो ने पूजा अर्चना आरती की। जिसके बाद परिक्रमा पूरी कर वापस बिठूर पहुची।इस रथ यात्रा में मुख्य रूप से विमल दीक्षित,रविशंकर मिश्रा ,अंकुर,प्रसून,रजनी दीक्षित, प्रवीण,देवीप्रसाद,दिलीप आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बैंक निगरानी प्रणाली को और सख्त बनाएं

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आया 590 करोड़ रुपये का घोटाला केवल एक बैंक या एक शाखा की चूक भर नहीं है, बल्कि यह पूरे बैंकिंग तंत्र की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बैंक का यह कहना कि मामला एक ही ब्रांच तक सीमित है, आश्वस्त करने वाला अवश्य है, परंतु यह पर्याप्त नहीं। वित्तीय व्यवस्था भरोसे पर टिकी होती है, और जब उसी भरोसे में दरार पड़ती है तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। घोटाले के खुलासे के बाद बैंक के शेयरों में लगभग 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट बताई जा रही है। बाजार पूंजीकरण में 14,438 करोड़ रुपये की कमी इस बात का संकेत है कि निवेशकों का विश्वास किस तेजी से डगमगा सकता है। बैंक के अनुसार, चंडीगढ़ शाखा के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति लेन-देन किया, जिससे 590 करोड़ रुपये की जमा राशि में गड़बड़ी सामने आई। यह मामला तब उजागर हुआ जब 18 फरवरी 2026 को सरकार की संस्थाओं ने खातों में वास्तविक शेष राशि और दावा की गई राशि के बीच अंतर पाया। सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम का हेरफेर लंबे समय तक कैसे चलता रहा और आंतरिक ऑडिट या निगरानी प्रणाली को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि केवल नियमों का होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी अधिक महत्वपूर्ण है। आज बैंकिंग प्रणाली में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल ट्रैकिंग, ऑडिट ट्रेल और जोखिम प्रबंधन जैसी कई परतें मौजूद हैं। फिर भी यदि कर्मचारियों की मिलीभगत से इतनी बड़ी राशि का दुरुपयोग हो सकता है, तो यह 'इनसाइडर रिस्क' की गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच के आदेश देते हुए कहा है कि सरकार ब्याज सहित पूरी राशि अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करेगी। मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपा गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर संस्थागत सुधार की आवश्यकता है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बैंकों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए। एआई आधारित 'रियल टाइम ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग' सिस्टम लागू किए जाएं, जो असामान्य गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करें। कर्मचारियों के लिए सख्त 'रोटेशन पॉलिसी' लागू की जाए। एक ही शाखा या विभाग में लंबे समय तक तैनाती से जोखिम बढ़ता है। नियमित अंतराल पर स्थानांतरण और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन से मिलीभगत की संभावनाएं कम की जा सकती हैं। नियामक संस्थाओं द्वारा आकस्मिक निरीक्षण (सप्राइज ऑडिट) की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। केवल वार्षिक या तिमाही ऑडिट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, व्हिसलब्लोअर तंत्र को और मजबूत बनाया जाए, ताकि ईमानदार कर्मचारी बिना किसी भय के संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें। बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकारी खातों तक में इस तरह की अनियमितता संभव है, तो आम खाताधारकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देकर ही भविष्य में ऐसे घोटालों पर प्रभावी लगाम लगाई जा सकती है।



विरोध
उमेश चतुर्वेदी

**स्वाधीनता आंदोलन और उसके पहले विरोधी आंदोलन चलाने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इसलिए लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व इसके लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसके विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। वह मोदी के बरअक्स लड़ाई में किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती।**

# नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों के सामने देश को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी कांग्रेस को उपदेश ही दिया कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों व मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता



है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज पीएम के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरअक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरअक्स लड़ाई में वह किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोधी कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरअक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम का असर दिल्ली के साथ गुड़गांव व नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। पर ऐसा नहीं हुआ। वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुद्दे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

पहल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया।

एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है।

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## ऊंट की सवारी



राजस्थान के जैसलमेर में सैन ड्यून्स पर टूरिस्ट सोमवार को ऊंट की सवारी का आनंद लेते हुए।

## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। - **प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दुःख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर**, कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नही कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नही है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने मे कोई कसर नही छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला**, मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी



एआई नौकरियो मे कमी नही लाएगा, बल्कि पेशेवरो के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरो की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन मे सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगो को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ**, अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन

## करंट अफेयर

### नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली

नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं।

संक्षेप

## क्रय केंद्रों पर 17 मार्च से होगी गेहूं खरीद

**अमेठी में 97 क्रय केंद्र तैयार, किसानों को मिलेगा 2585 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य**

अमेठी , जिले में फसल समर्थन मूल्य योजना के तहत 17 मार्च से 97 केंद्रों पर किसानों से गेहूं की खरीद शुरू होगी। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। शासन ने इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। पिछले वर्ष यह 2425 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब बढ़कर 2585 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इस वृद्धि से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है।विपणन सहित अन्य एजेंसियां खरीद की तैयारियां पूरी करने में जुटी हैं। पंजीकृत किसानों से टोकन सिस्टम के माध्यम से गेहूं की खरीद की जाएगी और भुगतान 72 घंटे के भीतर किया जाएगा। मंडियों में गेहूं की आवक आमतौर पर अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू होती है, लेकिन प्रशासन एक माह पहले ही क्रय केंद्र खोलकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। पिछले वर्ष जिले में 85 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए गए थे। इस वर्ष फसल समर्थन मूल्य योजना के तहत सात एजेंसियों के कुल 97 क्रय केंद्रों को जिला प्रशासन ने स्वीकृति दी है। इन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छन्ना, पंखा, छांव, पेयजल और प्रसाधन जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।गौरीगंज में 22, अमेठी में 18, मुसाफिरखाना में 27 और तिलोई में 30 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिला विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्र ने बताया कि 97 क्रय केंद्रों का अनुमोदन हो चुका है और सभी केंद्रों पर खरीद नीति के अनुसार पंजीकृत किसानों से खरीद कर भुगतान की व्यवस्था बनाई गई है। हालांकि, गेहूं खरीद के लिए शासन से अब तक जिले का लक्ष्य निर्धारित नहीं हुआ है।

## 18.56 करोड़ की सड़क का भूमि पूजन

**विधायक ने की शुरूआत, लोगों का आवागमन सुगम होगा**

अमेठी , जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की सौगात मिली है। विधायक सुरेश पासी ने महोना से जैनबगंज, किशनी होते हुए दूधाधारी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 18 करोड़ 56 लाख रुपये है। यह परियोजना चेनेज 5.000 किलोमीटर से 14.400 किलोमीटर तक कुल 9.400 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करेगी। इस कार्य पर 1856.49 लाख रुपये खर्च होंगे, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापार में वृद्धि की उम्मीद है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र (निर्माण खंड अमेठी), सहायक अभियंता विनोद कुमार गौतम और अवर अभियंता रविंद्र प्रताप सहित अन्य सहायक अभियंताओं ने सहयोग करने की बात कही। विधायक हर शनिवार को थाना दिवस या तहसील समाधान दिवस में मौजूद रहते हैं और जनसुनवाई करते हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी शुक्रवार को अपने कमरौली आवास पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी जनसुनवाई करते हैं

# ग्राम प्रधान पर हमला कर राइफल छीनी

**प्रयागराज में 40-50 हमलावरों ने कार पर चलाए ईंट-पत्थर, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , पूरामुफ्ती में शुक्रवार देर रात रात रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। यहां शादी से लौट रहे ग्राम प्रधान सुशील यादव व उनके दो साथियों पर हमला कर दिया। गाड़ी पर ईंट-पत्थर चलाए और जमकर पिटाई करने के बाद लाइसेंस राइफल छीनकर भाग निकले। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी।

### वाहन हटाने को कहने पर गालीगलौज

सुशील पूरामुफ्ती के मरदानपुर गांव के प्रधान हैं। उन्होंने बताया, शुक्रवार रात वह पड़ोस के मीरपुर गांव में एक शादी में शामिल होने गए थे। साथ में उनके दो साथी मिथिलेश दिवाकर व अवधेश पासी थे। रात 11:30 बजे के करीब वह वापस लौटने लगे। जनका गांव के पास बीच रास्ते में ही डीजे वाहन और दर्जनों बाइकें खड़ी थीं। उन्होंने वाहन साइड करने को कहा तो वहां मौजूद कुछ लोग गालीगलौज करने लगे।

### कार से उतरे तो पीटने लगे

प्रधान ने बताया, गालीगलौज का विरोध करने पर युवकों ने शोर मचाकर अपने पक्ष के 40-50 लोगों को बुला लिया। इसके बाद सभी ईंट-पत्थर चलाने लगे। उन्होंने कार आगे बढ़ाई तो कार के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए। इसके बाद वह और उनके साथी कार से नीचे उतरे तो उन्हें पीटना शुरू कर दिया। लात-घूंसे और थप्पड़ बरसाए और ईंट से भी हमला किया। इसमें सभी चोटिल हो गए।

### मैगजीन में पांच कारतूस भी थे

इसके बाद उनकी लाइसेंसी राइफल छीनकर चले गए। राइफल में मैगजीन थी जिसमें पांच कारतूस भी थे। हमलावरों में जनका गांव के ही रहने वाले 12 लोग थे, जिन्हें वह पहचानते हैं। इनमें से एक डीजे साउंड संचालक भी था। इसके अलावा अन्य अज्ञात लोग इस घटना में शामिल थे। प्रधान का कहना है कि रात में ही इस मामले की सूचना पूरामुफ्ती एसओ को दी गई लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्हें सुबह आने को कहा गया। सुबह 10 बजे वह फिर थाने पहुंचे लेकिन दोपहर तक एफआईआर नहीं दर्ज की गई।

### पुलिस बोली, राइफल छीनने की बात गलत

इस मामले में पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि राइफल छीनने के आरोप गलत हैं। मौके पर गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद के बाद मारपीट हुई थी। इसमें दूसरे पक्ष के एक युवक को भी गंभीर चोट पहुंची है। जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, वेतन रुका

**प्रयागराज में 2 बीएलओ, 1 सुपरवाइजर समेत कई को चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , विधानसभा क्षेत्र 254 फाफामऊ में एसआईआर कार्य की समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) हीरालाल सैनी द्वारा की गई समीक्षा के बाद दो बीएलओ और एक सुपरवाइजर के मानदेय/वेतन पर रोक लगा दी गई है। इनमें बूथ नंबर 154 के बीएलओ सौरभ शेखर और बूथ नंबर 337 के बीएलओ अभिताभ मिश्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एक शिक्षा मित्र के भुगतान पर भी रोक लगाई गई है। एआरओ सैनी ने बताया कि कार्य में असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण चार अन्य बीएलओ को अंतिम चेतावनी जारी की गई है। इनमें बूथ नंबर 34 की पदमा शुक्ला, बूथ नंबर 255 की शिवानी पटेल, बूथ नंबर 271 की रेखा सिंह और बूथ नंबर 341 की पूनम लता शामिल हैं। पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही के आरोप में बूथ नंबर 1 से 10 तक के बीएलओ के सुपरवाइजर रामकुमार के वेतन आहरण पर भी रोक लगा दी गई है। एआरओ ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यह कदम चुनावी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एआरओ हीरालाल सैनी ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। यह कार्रवाई चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप की गई है।

# सपा के पेड यूट्यूबर्स पर अफवाह फैलाने का आरोप

**गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सपा में वापसी की खबरों पर कहा**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) से निष्कासित गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सपा के कुछ 'पेड यूट्यूबर्स' पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि ये यूट्यूबर्स उनके सपा में फिर से शामिल होने की अफवाहें फैला रहे हैं। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका तन, मन और रोम-रोम प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन है, और उन्हें 'राम विरोधियों' का साथ कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि गौरीगंज की जनता भी ऐसी वापसी को स्वीकार नहीं करेगी। सिंह ने समाजवादी पार्टी से आग्रह किया कि वह अपने 'भ्रमजाल' से बाहर निकले और इस 'कयास' को छोड़ दे कि वह सपा में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पार्टी से यह भी कहा कि उन्हें सपा में वापस लाने के लिए जगह-जगह से सिफारिशें करवाना बंद करे। उन्होंने उन 'पेड यूट्यूबर्स' को भी चेतावनी दी जो अपनी टीआरपी बढ़ाने और सपा की 'भक्ति' में यह अफवाह फैला रहे हैं कि वह या उनके साथ सपा छोड़ चुके अन्य विधायक सपा में वापसी कर सकते हैं। सिंह ने उनसे अपनी छवि धूमिल करने के 'कुत्सित प्रयास' बंद करने का अनुरोध किया, अन्यथा उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# ट्रक डिवाइडर से टकराया, शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**थाना प्रभारी ने केबिन में फंसे ड्राइवर को सूझबूझ से बचाया**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, असरोगा टोल प्लाजा के पास देर रात एक सड़क हादसे में बंधुआ कला थाना प्रभारी प्रमोद कुमार की सूझबूझ से एक ट्रक चालक की जान बच गई। लखनऊ से वाराणसी जा रहा एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गया था, जिससे चालक केबिन में फंस गया था। यह घटना देर रात असरोगा टोल प्लाजा के निकट हुई। अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराते ही उसमें शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रक का केबिन पूरी तरह जलने लगा और चालक अंदर ही फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने स्वयं बचाव अभियान की कमान संभाली। पुलिसकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर जलते हुए केबिन का दरवाजा तोड़ा और फंसे हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी की त्वरित कार्रवाई के कारण आग आसपास के अन्य वाहनों तक नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक को मौके से हटवाया गया और यातायात को भी शीघ्र बहाल कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी और उनकी टीम की तत्परता और बहादुरी की सराहना की।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार लोग घायल

**सुल्तानपुर से एक घायल को अंबेडकरनगर किया गया रेफर, क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद अंबेडकरनगर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, नंबर की एक गाड़ी आजमगढ़ से अंबाला जा रही थी। सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यह गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों में ललिता गुप्ता, पवन गुप्ता, सचिन गुप्ता, अशोक कुमार पासवान और नाथू राम पासवान शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अंबेडकरनगर रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों को दोस्तपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गाड़ी का चालक प्रवीण कुमार है, जो अंबाला के बलदेव थाना क्षेत्र के सददोपुर का रहने वाला है।हादसे की सूचना मिलते ही 112 नंबर की टीम



मौके पर पहुंची। सिपाही वंशकुमार और सुनील सिंह ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# युवक की गला काटकर हत्या

**घर से 800 मीटर दूर झाड़ियों में मिला शव, 3 साल पहले की थी लवमैरिज**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव आज सुबह घर से लगभग 800 मीटर दूर सड़क किनारे झाड़ियों में खून से लथपथ मिला। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शुकुल बाजार कस्बा निवासी शाहिद पुत्र शरीफ के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और विधिक कार्रवाई शुरू की। मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के पास हुई। युवक के गले पर धारदार हथियार से काटने के गहरे निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही करने में जुटी हुई है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जिले के आलाधिकारी भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों के अनुसार शाहिद ने 3 साल पहले गांव के ही पास की एक लड़की से लवमैरिज की थी। इसके बाद कुछ ही दिनों नें दोनों के बीच लड़ाई-झगड़ा हो गया। पत्नी छोड़कर मायके चली गई। घटना की रात करीब 9 बजे शरीफ को एक फोन आया और वह बात करते हुए निकल गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा सुबह उसका खून से लथपथ शव बरामद हुआ। 3 साल पहले शाहिद साबिया को लेकर मुंबई चला गया था। जहां उसने उससे विवाह कर लिया और वहीं रहने लगा। करीब एक साल बाद सबिया को मुंबई में ही छोड़कर शाहिद अपने घर वापस आ गया। कुछ समय बाद सबिया शाहिद के घर पहुंची और उसके साथ रहने की जिद करने लगी जिसके बाद दोनों परिवारों में काफी विवाद हुआ और सबिया अपने मायके चली गई।बाद में दोनों में तलाक हो गया और साबिया ने दूसरी शादी कर ली है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जिंदा जला प्रेमी युगल

**अलीगढ़ कोतवाली नगर के तुर्कमान गेट पर मकान में हुई घटना, युवक की मौत**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , ऊपरकोट कोतवाली क्षेत्र के तुर्कमान गेट इलाके में शाम घर के भीतर प्रेमी युगल संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को जेएन मेडिकल कॉलेज और महिला को जिला मलखान सिंह अस्पताल भर्ती कराया। यहां से महिला को दिल्ली रेफर कर दिया गया। वहीं, फरमान (26) की मौत हो गई। घटना के बाद युवक के परिजन ने महिला के पति पर हत्या की साजिश करने का आरोप लगाया है। वहीं, महिला के ससुराल पक्ष का आरोप है कि नमाज के समय पुरुषों की अनुपस्थिति में फरमान ने दरवाजा बंद कर घटना की है। वहीं, पुलिस हत्या या आत्मदाह दोनों पर जांच कर रही है शाम करीब 7:00 बजे मोहल्ले के लोग रोजा इफ्तार के बाद नमाज की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान वसीम की छत पर आग की लपटों से घिरे दो लोगों की चीख-पुकार सुनाई दी। लोग दूसरे घर से दीवार फांदकर वसीम के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर छत पर गए। यहां पर आग पर किसी तरह काबू पाया। इसके बाद पता चला कि वसीम की पत्नी नाजरीन और मोहल्ले का ही फरमान है।

### महिला का चल रहा है इलाज

लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं, नमाज पढ़ने गए वसीम को सूचना दी गई। पुलिस ने फरमान को जेएन मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। वहीं, वसीम महिला को जिला मलखान सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से दिल्ली से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। फरमान की मंगलवार तड़के पांच बजे मौत हो गई।

### महिला के पति की फैक्ट्री में काम करता था फरमान

हड्डी गोदाम निवासी फरमान दो साल पहले वसीम की फैक्ट्री में कारीगर का काम करता था। इसी दौरान वह वसीम की पत्नी के संपर्क में आ गया। दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर वसीम ने उसे दो साल पहले फैक्ट्री से निकाल दिया था, लेकिन महिला और फरमान में फोन से बातचीत का सिलसिला जारी रहा।

### महिला के पास दो बेटे

महिला की शादी करीब 18 साल पहले वसीम के साथ हुई थी। महिला के पास बड़ा बेटा 15 और छोटा बेटा सात साल का है। घटना के समय दोनों बेटे भी महिला के पति के साथ नमाज पढ़ने गए हुए थे। महिला घर में उस समय अकेली थी।

### फोन पर हुआ था झगड़ा

फरमान छह भाइयों में पांचवें नंबर का था। उसके छोटे भाई अरमान ने बताया कि फरमान और वसीम की पत्नी में प्रेम प्रसंग था।

इसकी जानकारी पर करीब दो साल पहले वसीम ने उसे फैक्ट्री से निकाल दिया था।

# कूड़े में मिला व्यक्ति का शव

**11 दिन से था लापता, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा में गुरूवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सियूरा मोड़ के पास कूड़े में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान कटरा कस्बे के मोहल्ला आतिशबाजन निवासी हसमत अली उर्फ मुन्ना (42 वर्ष) पुत्र रहमत अली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव और थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने शव के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, मृतक हसमत अली उर्फ मुन्ना कटरा कस्बे के मवेशी अस्पताल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। वह 16 फरवरी 2026 की सुबह ड्यूटी पर गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, पर उनका कोई पता नहीं चल सका। 18 फरवरी 2026 को कटरा थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लगभग ग्यारह दिन बाद, 26 फरवरी 2026 को हसमत अली का शव राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे कचरे में मिला। उनके परिवार में पत्नी नाजिस उर्फ गुड्डी और एक पुत्र अलफैज हैं। क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक शव मिला है, जिसकी पहचान हसमत अली के रूप में हुई है। परिजन मौके पर पहुंच गए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।



# नहर में गिरे युवक की मौत

**स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने गंभीर हालत में कराया था भर्ती**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , लालगंज क्षेत्र में नहर में गिरने से घायल युवक की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को स्थानीय लोगों की सूचना पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। यह घटना रात करीब 9 बजे लालगंज के सांगीयापुर क्षेत्र में राकेश वाटिका मैरिज हॉल के पास हुई। शीतलागंज, इदिलपुर निवासी 25 वर्षीय अशरफ अली पुत्र आबिद अली साइकिल सहित नहर में गिरे हुए पाए गए थे। स्थानीय लोगों ने अशरफ को नहर में गिरा देखकर तत्काल 112 पुलिस टीम को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को निकालकर लालगंज ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अशरफ की हालत में सुधार न होने पर उसे प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लालगंज थाना प्रभारी आलोक कुमार ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रात में साइकिल सहित नहर में गिरे युवक को 112 पुलिस टीम की मदद से लालगंज ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे प्रतापगढ़ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है



# बाइक सवार युवकों की पिटाई

**किसी बात को लेकर कहासुनी, दबंगों ने की मारपीट**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , पट्टी क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों की पिटाई का मामला सामने आया है। यह घटना पट्टी कोतवाली से मात्र 500 मीटर की दूरी पर हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दबंग खुलेआम युवकों को पीटते दिख रहे हैं।

### किसी बात को लेकर कहासुनी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना आज सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। बीच बाजार में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। युवकों के बीच लात-घूंसे चलते रहे, जिससे बाजार में अफरातफरी मच गई। दुकानदार और राहगीर दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि भीड़भाड़ वाले चौक पर युवक खुलेआम एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस घटना के बाद पुलिस की सक्रियता और गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोतवाली इतनी नजदीक होने के बावजूद असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।



### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

उन्होंने बाजार क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है

## संक्षेप

### बर्तन विक्रेता हत्याकांड में 2 गिरफ्तार

#### शराब पीने के बाद विवाद में ईंट से पीटकर की थी हत्या

बागपत , बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर हटाना गांव में हुए बर्तन विक्रेता हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शराब पीने के बाद हुए विवाद में बर्तन विक्रेता की ईंट से पीट-पीटकर हत्या की गई थी। यह खुलासा घटना के एक सप्ताह बाद हुआ है। मृतक बर्तन विक्रेता का नाम शमशाद था, जो मूल रूप से संभल का रहने वाला था। वह बागपत में बर्तन बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शमशाद का शव सुल्तानपुर हटाना गांव के जंगल में मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि 16 फरवरी को शमशाद बर्तन बेचने के बाद लौट रहा था। इसी दौरान उसकी दोनों आरोपियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने शमशाद पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।बड़ौत कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने इस मामले में मोहित और चमन नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गांगनौली, थाना दोघट, जनपद बागपत के निवासी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक और एक ईंट बरामद की है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### युवती से छेड़छाड़, जानलेवा हमले का आरोप

#### पीड़िता ने एसपी से की शिकायत, कड़ी कार्रवाई की मांग

बागपत , खेकड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती ने गांव के युवक पर छेड़छाड़ और जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) को शिकायत पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, वह पिछले चार माह से एक फैक्ट्री में काम कर रही है। उसने आरोप लगाया है कि उसके साथ काम करने वाला एक युवक उस पर गलत नजर रखता था और लगातार उसे परेशान करता था। युवती ने बताया कि 22 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8 बजे जब वह काम पर जाने की तैयारी कर रही थी, तभी आरोपी ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही वह जबरन घर में घुस गया और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और धमकी देकर मौके से फरार हो गया।घटना के बाद युवती ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को नजदीकी पुलिस चौकी में शिकायत पत्र देने के लिए कहा। पीड़िता का आरोप है कि बाद में आरोपी कुछ अन्य लोगों के साथ पुलिस चौकी पहुंचा। वहां उसने युवती पर समझौते का दबाव बनाया और उसे धमकाया भी। युवती ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अपना मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैपुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीओ अंशु जैन ने कहा कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तहसीलदार हत्याकांड के वीर सपूतों को अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

## नोनारा गांव में धूमधाम से मनाया गया शहीद दिवस

### शासन प्रशासन के प्रमुख जनप्रतिनिधियों से सूना रहा स्थल

अमन लेखनी समाचार/रवी श्रीवास्तव

जहानाबाद, फतेहपुर। अंग्रेजी हुकूमत से आजादी पाने के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आम जनमानस समेत जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 1931 में हुए तहसीलदार हत्याकांड में अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले अमर सपूतो की पुण्य स्मृति में नोनारा गांव के शहीद स्मारक में कार्यक्रम आयोजित किया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक विशंभरनाथ तिवारी तथा संचालन ग्राम प्रधान राजेश उत्तम व शिक्षक देवकांत तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्मारक में स्थापित की गई भारी भरकम मोमबत्ती जलाते हुए स्मृति चक्र व पुष्पांजलि के साथ किया गया कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सदस्य जयंती वर्मा समाजवादी पार्टी के जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजेंदर वर्मा भाजपा अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष सिंपू शिवहरे जहानाबाद नगर अध्यक्ष आबिद हसन डॉ कुलदीप गंगवार समेत सभी मीडिया कर्मियों ने वीर चक्र तथा पुष्पांजलि अमर सपूतों को अर्पित की वहीं मंच पर विराजमान सरस्वती के पुत्र के रूप में रामलीला जगत के पुरोधा ब्यास पंडित देवेंद्र मिश्रा तथा लक्ष्मीकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ग्रामीण आंचल के विद्यालयों के पहुंचे बच्चों ने सरस्वती गीत राष्ट्रीय गीत आदि प्रस्तुत करते हुए आम जनमानस को भाव विभोर कर दिया ठीक इसी प्रकार कार्यक्रम में उपस्थित योग्य योग प्रशिक्षक दुर्गेश प्रजापति के नेतृत्व में पहुंची नन्ही मुन्ही राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत बालिकाओं ने योग का प्रदर्शन किया जिसे देख संपूर्ण समाज दंग रह गया



### पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे में दिखी प्रसन्नता की क़िरण

आयोजित कार्यक्रम में गांव के मेधावी बच्चों को ग्राम गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया जहां ग्राम गौरव पुरस्कार से गांव का गौरव बढ़ा रहे प्रिंस गुप्ता अंकुश उत्तम ऋषि उत्तम दिव्या देवी आदि को पुरस्कृत किया गया ठीक इसी प्रकार हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चे अल्केश दिव्यांशी उत्तम श्रेया उत्तम गजल सहनुमा अंकित शालू देवेंद्र कुमार सेजल गुप्ता साहिल उत्तम आदि को भी पुरस्कृत करते हुए मंच से उत्साह वर्धन किया गया कार्यक्रम अंतर्गत लगान बंदी आंदोलन का संक्षिप्त इतिहास बताया गया जहां वर्ष 1931 को बिंदकी तहसील के गांधी मैदान में उपस्थित हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को लगान न देने का आवाहन किया था जिसका अनुकरण करते हुए नोनारा गांव के लोगों ने लगान का बहिष्कार किया जिसके फल स्वरुप मामले ने तूल पकड़ लिया आग बबूला तहसीलदार ने अंग्रेजी शासन का प्रयोग करते हुए मारपीट की जिससे आहत होकर गांव नोनारा के मुखिया शिवनारायण तिवारी अपने भाई रामनारायण तथा दो पुत्र दुलारे तथा प्यारे लाल तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे आपस में कहा सुनी हुई तथा तहसीलदार के गाली देने पर वीर सपूतों ने तहसीलदार को जमकर जूते से पीटते हुए मरणासन कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस पर भी ग्रामीणों ने हमला बोला जहां प्रशासन ने गोली चलाई और शिवनारायण तिवारी घायल हुए इस मामले में अंग्रेजी प्रशासन ने परेशान करना प्रारंभ किया जिसके फल स्वरुप कई लोग गिरफ्तार हुए और उन्हें मृत्यु दंड दिया गया वहीं कुछ लोगों को आजीवन कारवास झेलना पड़ा इन्हीं वीर सपूतों को स्मरण करते हुए निरंतर 96 वर्ष से चली आ रही श्रद्धांजलि समारोह की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर ग्रामीण समाजसेवी मुनीश उत्तम जनसेवक लालता प्रसाद उत्तम रामकिशोर तिवारी दुर्गेश बसंतलाल आजाद फौजी संजय उत्तम कृष्ण कुमार चंद्रशेखर श्रीवास्तव पंकज तिवारी समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य अतिथि व नागरिक मौजूद रहे

# निचली नहर गंगा की कटान से जलमग्न हुई 200 बीघा फसल

## गांव के घरों में घुसा पानी ग्रामीणों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत निकली निचली नहर गंगा में कटान हो जाने से सैकड़ो बीघा खड़ी फसले जलमग्न हो गई क्षेत्र के बैरहना गांव के सामने नहर की खांदी कट गई जिससे लगभग 200 बीघा से अधिक गेहूं की फसल ध्वस्त हो गई वही गांव के घरों में पानी भरने लगा जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया फसल को अस्त व्यस्त देख किसान छत्रपाल शिवकरन प्रमोद सुनील राजेश समेत दर्जनों किसानों ने नगर अध्यक्ष नीरज सिंह को सूचना दी वहीं सूचना मिलते ही नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची तथा जेसीबी द्वारा खांधी बांधने का काम प्रारंभ कराया गया ग्रामीणों ने विभाग के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों से नहर की कोई सफाई विभाग द्वारा नहीं कराई गई जिससे बढे हुए खरपतवार के कारण निरंतर पानी का दबाव बना रहता है इसी दबाव के कारण खांदी कट गई और जलप्रपात हो गया जानकारी लेने पर नहर विभाग के अवर अभियंता विकास कुमार ने बताया कि विभाग को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई है सूचना मिलने पर जरौली पंप कैनाल बंद कर दिया गया है वहीं बौडर स्केप खोल दिया गया है जल्द ही इस समस्या से निदान मिल जाएगा

# पार्षद प्रत्याशी पर तमंचा ताना, गोली मिस हुई

### बदमाश मांग रहे 5 लाख की रंगदारी, चुनाव न लड़ने की धमकी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कोतवाली थाना क्षेत्र में पार्षद चुनाव की रंजिश को लेकर एक पूर्व प्रत्याशी पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि तीन लोगों ने उन पर तमंचा तान दिया, जिसकी गोली मिस हो गई। पीड़ित का दावा है कि आरोपियों ने पुलिस के साथ मिलकर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है और अब पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है ।कोतवाली के शाहपीर गेट निवासी सऊद अहमद दिलेजा ने मारपीट, जानलेवा हमले और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप लगाए हैं। सऊद अहमद के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2023 में पार्षद का चुनाव लड़ा था और आगामी चुनावों की तैयारी कर रहे हैं। सऊद का आरोप है कि इसी राजनीतिक रंजिश के चलते मोहल्ले के फिरोज उर्फ टिंगू, उसके भाई जावेद उर्फ चिड़ीमार और इमरान उर्फ शक्ति उन्हें लगातार चुनाव न लड़ने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित ने बताया कि 19 फरवरी 2026 की शाम करीब पांच बजे जब वह नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे, तो रास्ते में तीनों आरोपियों ने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ उन्हें रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की। सऊद के अनुसार, मारपीट के दौरान फिरोज ने उनके सिर पर तमंचा रखकर गोली चला दी, जो मिस हो गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सऊद अहमद का आरोप है कि जब उन्होंने इस मामले में कार्रवाई के लिए कदम बढ़ाया।

# मां से मिलना है तो वकालतनामा लाओ वरना लौट जाओ

## पाकिस्तान मूल की सबा फरहत के एडवोकेट बेटे को भी मिलाई से रोका गया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पति के बाद एडवोकेट बेटे को भी सबा फरहत से नहीं मिलने दिया गया। जेल प्रशासन ने विदेशी नागरिक बताते हुए बेटे से वकालतनामा जमा कराने के लिए कहा है। एडवोकेट बेटे ने इसे नियम विरूद्ध बताते हुए तानाशाही करार दिया है। उधर, सबा फरहत की जमानत पर 27 फरवरी को सुनवाई होगी। जिला जज की तरफ से सुनवाई के लिए यह केस एडीजे-13 की कोर्ट में ट्रांसफर किया गया है सबा फरहत मूलरूप से पाकिस्तान के लाहौर की रहने वाली हैं। मेरठ निवासी फरहत मसूद ने पाकिस्तान में जाकर सबा से निकाह किया था और फिर लॉन्ग टर्म वीजा पर वह भारत आ गई। सबा का यह वीजा मार्च, 2027 तक वैध है। पिछले करीब 35 वर्ष से सबा अपने परिवार के साथ मेरठ के देहलीगेट इलाके में रहती चली आ रही है।

### फर्जी वोटर आईडी कार्ड बनवाने का आरोप

करीब दो माह पहले सबा फरहत के खिलाफ पुलिस अधिकारियों से शिकायत हुई। कहा गया कि सबा गैरकानूनी तरीके से मेरठ में रह रही है। उसने कूटरचित दस्तावेजों की मदद से अपने दो दो वोटर आईडी कार्ड बनवाए हैं। पुलिस ने आरोपों की जांच की और सबा को गिरफ्तार कर लिया। उसी दिन मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया।

### जेल में जाने के बाद बरती जा रही सख्ती

सबा फरहत जेल में है। पाकिस्तानी नागरिक होने के कारण वहां सख्ती बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि सबा के मामले को लखनऊ से डील किया जा रहा है। ऐसे में जेल में सबा से किसी को मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। सोमवार को सबा के पति फरहत मसूद और बेटा फराज सबा से मिलाई करने पहुंचे लेकिन दोनों को ही सुरक्षा का हवाला देकर वापस भेज दिया गया।

### यह बोले सबा के अधिवक्ता वीके शर्मा

फराज एडवोकेट अपनी मां सबा फरहत का केस देख रहे हैं। इसी सिलसिले में वह जेल मिलाई करने पहुंचे थे लेकिन वकालतनामा मांगा गया जोकि जेल मेन्युअल के विरूद्ध है। एडवोकेट अपने मुवक्किल से मिल सकते हैं।

# स्कूल में दो सहेलियों ने खाया जहर

### हालत गंभीर, कक्षा 7 में पढ़ती है; पुलिस कारणों की जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , इंचोली थाना क्षेत्र के एक स्कूल में को दो नाबालिग छात्राओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 स्थित एसडीएम ग्लोबल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों छात्रों की हालत गंभीर बनी हुई है, वही जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके और हॉस्पिटल पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।अब पढ़िए पूरा मामला गांव जमालपुर की रहने वाली दो चचेरी बहन गांव में ही मौजूद एस पब्लिक स्कूल में सातवीं क्लास में पढ़ती है। दोनों सुबह घर से स्कूल गई थी स्कूल में पहुंचते ही दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया बताया जा रहा है कि दोनों ने सल्फास खाया है। हालत बिगड़ने पर स्कूल के स्टाफ ने दोनों छात्राओं के परिवार वालों को जानकारी दी जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। इस दौरान स्कूल के स्टाफ ने दोनों छात्राओं को दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे स्थित एसडीएस ग्लोबल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल छात्राओं के जहरीला पदार्थ खाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। इंचौली थाना पुलिस ने छात्राओं के स्कूल और हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों छात्राओं की स्थिति गंभीर डॉक्टरों ने बताया कि दोनों छात्राओं की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें गहन निगरानी में रखा गया है। परिजनों ने घटना पर हैरानी जताई है और कहा कि उन्हें बच्चियों द्वारा ऐसा कदम उठाने का कारण समझ नहीं आ रहा।

# चिकित्सक के खाते से 32 लाख गायब

## बैंककर्मियों पर रकम गायब करने का आरोप, 3 दिन में हुई निकासी

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, नगर के श्रीनगर कॉलोनी निवासी चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार शर्मा के बैंक खातों से 32 लाख रुपए गायब होने के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज लोगों ने बैंक के बाहर धरना दिया। इस दौरान दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात भी बाधित रहा ।डॉ. एसके शर्मा ने बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थानीय शाखा में उनके बचत और चालू खाता है। आरोप है कि 17 से 19 फरवरी के बीच उनके दोनों खातों से 35 बार में कुल 32 लाख रुपए यूपीआई और आईएमपीएस के माध्यम से निकाल लिए गए ।डॉ. शर्मा ने आरोप लगाया कि खातों से रकम गायब होने में बैंककर्मियों का हाथ है। उनकी शिकायत के बावजूद बैंक ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी के विरोध में सुबह डॉ. एसके शर्मा अपने परिवार और विभिन्न दलों के नेताओं के साथ दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बैंक की शाखा पर पहुंचे और टेंट लगाकर धरना दिया ।धरने में पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमेश प्रजापति, डॉ. बबली गुर्जर, राहुल गुर्जर, नीरज शर्मा, सतेंद्र शर्मा और देवव्रत धामा सहित कई नेता शामिल हुएमौके पर पहुंची मोदीनगर पुलिस ने आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने धरना समाप्त नहीं किया। आंदोलन के दौरान दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मेरठ की तरफ जाने वाली साइड में यातायात बाधित रहा। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

# सकरी गलियों में आग से निपटने के हो पर्याप्त इंतजाम : सांसद संजय सिंह

## परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे आप सांसद संजय सिंह ,दिन भर रहा तांता

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह मेरठ पहुंचे। यहां उन्होंने लिसाड़ीगेट के किदवई नगर में अग्निकांड में एक साथ छह लोगों को खोने वाले परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। दिनभर यहां राजनीतिक दलों के लोगों का आना जाना लगा रहा। सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

### पहले एक नजर अग्निकांड पर

लिसाड़ीगेट के किदवई नगर निवासी इकबाल अहमद के दो मंजिला मकान में सोमवार शाम उस वक्त आग लग गई, जब परिवार के सभी पुरुष नमाज पढ़ने गए थे और घर पर केवल महिलाएं व बच्चे थे। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे मकान में फैल गई। हादसे में छह छह माह की दो जुड़वा बच्चियों समेत छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गई।

### दो बच्चों के पिता आप नेता

इस अग्निकांड में कुल छह लोगों महिला रुखसार के अलावा अकदस, अनाबिया, इनायत, महविश और हम्माद की जान चली गई। महविश और हम्माद के पिता फारूख किदवई हैं जो आम आदमी पार्टी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर हैं।

पार्टी नेताओं को जैसे ही पता चला, उन्होंने फोन पर फारूख को सांत्वना दी। दोपहर में राज्यसभा सांसद संजय सिंह बिना देरी किए मेरठ पहुंच गए और पीड़ित परिवार से मिले।

### पार्टी हर संभव मदद को तैयार

आप सांसद ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी फारूख किदवई व उनके परिवार के साथ खड़ी है। बहुत बड़ा दुख परिवार पर टूटा है। इसकी भरपाई किसी भी तरह नहीं की जा सकती। इसके बावजूद पार्टी से हर संभव मदद पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी।

### शासन-प्रशासन करे मदद, जांच हो

सांसद संजय सिंह ने कहा कि जो नुकसान इस परिवार का हुआ है, उसकी भरपाई किसी भी तरह से नहीं हो सकती। फिर भी सरकार आगे आकर पीड़ित परिवार की मदद करे ताकि यह परिवार दोबारा से अपने पैर पर खड़ा हो सके।

# समाजवादी छात्र सभा का गलगोटिया यूनिवर्सिटी को अल्टीमेटम

### 'रोबोट डॉग' विवाद में 28 फरवरी को ताला लगाने की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, गलगोटिया यूनिवर्सिटी का 'रोबोट डॉग' विवाद मामले में समाजवादी छात्र सभा (ग्रेटर नोएडा) ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और स्थानीय शासन को खुली चेतावनी दी है ।यह विवाद दिल्ली में आयोजित एआई समिट से जुड़ा है। यूनिवर्सिटी ने वहां एक 'रोबोटिक डॉग' प्रदर्शित किया था, जिसे अपने शोध और स्वदेशी तकनीक का परिणाम बताया गया था। हालांकि, बाद में खुलासा हुआ कि यह रोबोट चीन निर्मित था, जिसे यूनिवर्सिटी ने अपना बताकर पेश किया था ।समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर देश का मान गिराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर फजीवाड़ा कर भारत की छवि धूमिल की है। नागर ने एक अध्यापक के निष्कासन को केवल खानापूर्ति बताते हुए असली दोषियों और प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# पत्नी के सामने पति की गोली मारकर हत्या

## ग्रेटर नोएडा में दौड़ाकर 3 गोलियां मारीं, गर्दन पर चाकू बरसाए

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दिनदहाड़े 30 साल के ई-रिक्शा एजेंसी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 3 हमलावरों ने नितिन को घर की गली में दौड़ा लिया। फिर घर के गेट के बाहर पत्नी के सामने 3 गोलियां मारीं। जब पत्नी बचाने दौड़ी, तो एक हमलावर ने उस पर भी पिस्टल तान दी ।इसके बाद चाकू से गर्दन पर कई वार किए। जब मोहल्ले के लोग दौड़े तो हमलावर भाग गए। घरवाले घायल को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मर्डर का लाइव सीन सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र की है ।पुलिस ने 2 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया, तीसरे की तलाश में दबिश दे रही है। ई-रिक्शा एजेंसी संचालक हत्या के केस में 4 महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। भागते समय नितिन एक बच्चे से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा। तभी उसे आरोपियों ने पकड़ लिया। भागते समय नितिन एक बच्चे से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा। तभी उसे आरोपियों ने पकड़ लिया।




नितिन को गोली मारने के बाद एक हमलावर ने दोबारा से पिस्टल लोड की और फिर गोली मारी। नितिन को गोली मारने के बाद एक हमलावर ने दोबारा से पिस्टल लोड की और फिर गोली मारी। मोहल्ले के लोगों को आता देख हमलावर हाथों में तमंचा लेकर भाग गए। मोहल्ले के लोगों को आता देख हमलावर हाथों में तमंचा लेकर भाग गए। शैंपू लेकर घर आ रहा था एजेंसी संचालक गांव लुक्सर में रहने वाला नितिन ई-रिक्शा एजेंसी चलाता था।

# बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की हत्या

## दुपट्टे से गला घोंटा, घरवालों को मौत की वजह हार्ट अटैक बताई

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में महिला ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पति जब सो गया तो उसने बॉयफ्रेंड को घर बुलाया। इसके बाद दोनों ने दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। महिला ने लोगों और पुलिस को मौत की वजह हार्ट अटैक बताया। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह दम घुटना आया। इसके बाद पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। घटना सूरजपुर थाना क्षेत्र की है ।फैक्ट्री से शुरू हुआ था अफेयर




बुलंदशहर के नरौरा के बेलोन गांव का रहने वाला विजय (33) साइट-सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नौवा नामक कूलर फैक्टरी में काम करता था। उसकी पत्नी राखी (29) भी उसी फैक्ट्री में काम करती थी। दोनों देवला गांव में किराए के मकान में रहते थे। उनके 3 बच्चे हैं ।इसी फैक्ट्री में सीतापुर के विचपरिया पिसावा निवासी गुरदीप (31) भी काम करता था। गुरदीप का विजय के घर आना जाना था। इस दौरान गुरदीप और राखी में लव अफेयर हो गया। विजय को इसकी जानकारी हुई तो आपस में झगड़ा हुआ ।इसके बाद गुरदीप ने फैक्ट्री छोड़ दी। वह टैक्सी चलाने लगा। मगर राखी से उसकी बाचचीत जारी रही। करीब एक साल पहले गुरदीप के साथ राखी भाग गई। करीब एक साल तक उसके साथ रही। बाद में परिजनों के समझाने पर वह वापस लौट आई। इसके बाद विजय उसे बुलंदशहर गांव ले आया। मगर पति-पत्नी के बीच विवाद जारी रहारविवार को दोनों में विवाद हुआ था विजय करीब 15 दिन पहले पत्नी को बुलंदशहर से देवला गांव लेकर आया था। रविवार को पति और पत्नी के बीच विवाद हुआ।

# अब गुरुग्राम के शहरी झुग्गी-झोपड़ियों और मोहल्लों तक पहुंचेगी सेहत की गाड़ी

**सीएमओ ने चौथी मोबाइल मेडिकल यूनिट को दिखाई हरी झंडी**

**घर के पास ही लोगों को मिलेगी जांच और परामर्श की सुविधा**

**पीएसआई इंडिया व नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस की पहल**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरुग्राम (हरियाणा)। अनुभवी डॉक्टरों, आधुनिक उपकरणों और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ से लैस, सेहत की गाड़ी (चौथी मोबाइल मेडिकल यूनिट) अब गुरुग्राम के झुग्गी-झोपड़ियों और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों की सेहत की जांच-परख के साथ आवश्यक परामर्श की सुविधा भी प्रदान करेगी। यह पहल स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा की गयी है। इसकी शुरूआत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर सिंह ने सीएमओ कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि सोहना, पटौदी और फारुखनगर ब्लॉक में पहले ही यह पहल शुरू की जा चुकी है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन ने कहा कि यह पहल इस मकसद से शुरू की गई है कि कोई भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह मोबाइल मेडिकल यूनिट एक तय रूट चार्ट के हिसाब से गुरुग्राम ब्लॉक के चुने हुए मोहल्लों में पहुंचेगी, मोहल्ले वालों की आम बीमारियों की जांच करेगी और सलाह देगी। अगर जरूरत पड़ी तो वे रेफर करने में भी मदद करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉइड, डेंगू, मलेरिया और दूसरी आम बीमारियों की जांच के साथ-साथ मां और बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसके अलावा समुदाय स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाने में भी मदद की जाएगी। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट जिले के दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी को दूर करने में मदद करेंगी। यह प्रोग्राम मोहल्ले वालों के लिए फायदेमंद होगा और ये यूनिट रेगुलर हेल्थ कैंप लगाने और पीरियड्स में साफ-सफाई के प्रबन्धन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करेंगी। इस मौके पर नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर तरुण कत्याल ने अपनी टीम के सदस्यों ईवीपी और हेड- क्लेम मैनेजमेंट-डॉ. शांति बंसल, वाइस प्रेसिडेंट-प्रियंका शर्मा, प्रोजेक्ट लीड निशा गाठिया के साथ उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत, मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए ओपीडी सेवाएं, और परामर्श की सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही रिप्रोडक्टिव, महिला और बाल स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच), किशोरों की काउंसलिंग, हाइजीन, न्यूट्रिशन और गैर संचारी रोगों से जुड़ी जनजागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर पीएसआई इंडिया के डायरेक्टर-प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन हितेश साहनी और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# एसपी डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देश पर पर शातिर चोर गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती /थाना नगर क्षेत्रांतर्गत तीन दुकानों किराने की दुकान, बिल्डिंग मटेरियल की दुकान और कपड़ों की दुकान मे चोरी करने वाले हुए अरेस्ट पुलिस ने चोरी का अनावरण करते हुए 6चोरों(एकबालअपचारी) को किया गिरफ्तार पुलिस ने चोरी गये सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी कर 4मोटरसाइकिल,तीन चोरी की, घटना में प्रयुक्त किया बरामद रड नगर भानु प्रताप सिंह और रडऋ टीम प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने टीम के साथ किया गिरफ्तार पुलिस ने वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामनाथ उम्र 22 वर्ष निवासी फुलवरिया बरगाह थाना नगर जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने 1 बाल अपचारी को किया पुलिस अभीरक्षा मे पुलिस ने शुभम सोनी पुत्र रग्घू प्रसाद सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी महुआ थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर हालपता गांधी नगर वार्ड नं0 12 थाना रुधौली जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने राज सोनकर पुत्र रामगोपाल सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी रूद्र नगर थाना रूधौली जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने राहुल यादव पुत्र रामशंकर यादव उम्र 25 वर्ष निवासी आसपुर गनेशपुर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने विकास कुमार गौतम पुत्र दिलीप कुमार गौतम उम्र 26 वर्ष निवासी रूद्र नगर वार्ड नं0 4 थाना रूधौली जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार एसपी डॉ यशवीर सिंह ने प्रेस कांफ्रेस कर किया घटना का खुलासा एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपए पुरस्कार देने की - की घोषणा अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे ररक कन्हैयालाल मौर्या, रक सर्वेश चौधरी चौकी प्रभारी करहली,रक चंद्रभान निषाद, रक मार्कंडेय तिवारी रहे शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे हेड कांस्टेबल अनिल यादव, उमेश कुमार, कांस्टेबल अंकित राय, कांस्टेबल चंद्रकांत पांडे, कांस्टेबल विनोद गुप्ता रहे शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे रडऋ टीम के हेड कांस्टेबल इरशाद, शिवम, अभय उपाध्याय, कांस्टेबल चन्दन भारती, हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र, कांस्टेबल विजय कुमार रहे शामिल।

## खास समाचार

# दो शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई ) पुलिस ने डीएम के आदेशानुसार गिरोह बनाकर समाजविरोधी कार्यों में लिप्त दो शातिर अपराधियों के विरुद्ध गेंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की। मल्लावां पुलिस ने शातिर अभियुक्त सर्वेश कुमार उर्फ चीटा पुत्र रामकुमार निवासी ईश्वरपुर साईं मल्लावां और सह अभियुक्त मो. रियाज पुत्र जावेद निवासी फतेगंज मोहिउद्दीनपुर एक संगठित गिरोह कायम कर जनपद स्तर पर सक्रिय है। जो अनुचित रूप से आर्थिक, भौतिक, दुनियावी लाभ अर्जित करते है। डीएम के आदेशानुसार यूपी गेंगेस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया

# ऑटो पलटने से महिला की मौत,दो बेटों के सिर से उठा मां का साया

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद /हरदोई मझिला थाना क्षेत्र के अय्यारी गाँव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो पलट जाने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान गुड्डी पत्नी चौधरी (46 वर्ष) निवासी एलिमपुर अंडौवा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिहानी से जाते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल गुड्डी को संभलने का मौका नहीं मिला और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना मझिला पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतका अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गई है। अचानक हुई इस त्रासदी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व अन्य आवश्यक मदद दिलाए जाने की मांग की है।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए युवक को मिली राहत, 29,882.40 रुपये वापस दिलाए

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।थाना चिलुआताल पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाते हुए उसके खाते में 29,882.40 रुपये वापस कराए हैं। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत की गई त्वरित कार्रवाई से यह सफलता मिली। जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने थाना चिलुआताल में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसे एक साइबर अपराधी ने फोन कर झांसा दिया कि उसका भाई, जो विदेश में रहता है, गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे छुड़ाने के लिए तत्काल 30,000 भेजने होंगे। भाई की सुरक्षा को लेकर चिंतित पीड़ित ने विश्वास कर बताए गए खाते में 30,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। मामले की सूचना मिलते ही थाना चिलुआताल की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और संबंधित खाते को होल्ड कराया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर पीड़ित के खाते में कुल ?29,882.40 (उनतीस हजार आठ सौ बयासी रुपये चालीस पैसे) वापस करा दिए गए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, मैसेज या सोशल मीडिया संदेश पर बिना सत्यापन के पैसे ट्रांसफर न करें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# भारतीय मजदूर संघ ने मांगो से संबंधित ज्ञापन रावेंद्र श्रीवास्तव को सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**




सिद्धार्थनगर। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में श्रमिकों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष समरेंद्र प्रताप सिंह, जिलामंत्री आशुतोष यादव ने बताया कि ये मांगें संघ के 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर आधारित हैं। संघ ने सभी क्षेत्रों में श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के लागू करने की मांग की है। साथ ही इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिक समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है। त्रिपक्षीय तंत्र के पुनर्गठन तथा इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र आहूत करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। ज्ञापन में न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने, ईपीएफ और कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेतन सीमा में वृद्धि तथा बोनस भुगतान के अंतर्गत पात्रता सीमा संशोधित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा रसोइया, आशा, आंगनबाड़ी और ठेका श्रमिकों को स्थाई करने तथा सामान्य भर्तियों पर लगी रोक हटाने की मांग भी की गई है। संघ ने केंद्र सरकार से श्रमिक हित में त्वरित व सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, मनीष पांडेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र पाल, समीर सिंह, देवेंद्र यादव, हरीश यादव, वीरेंद्र मौर्य, विनय कुमार, देवेश राय, राहुल, अभिजीत, अनीता, रमावती आदि मौजूद रहे।

# कामकाजी महिलाओं को योगी सरकार का बड़ा उपहार

**गोरखपुर में बनेगा एक और कामकाजी महिला छात्रावास**

**मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत होगा निर्माण**

**500 बेड की होगी क्षमता, 47.38 करोड़ रुपये आएगी लागत**

**मार्च माह में सीएम योगी के हाथों हो सकता है शिलान्यास**

**मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत नगर निगम पहले से बनवा रहा 75 बेड की क्षमता का वर्किंग वुमेन हॉस्टल**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत अग्रसर प्रदेश की योगी सरकार ने कामकाजी महिलाओं को बड़ा उपहार दिया है। सरकार गोरखपुर में एक और कामकाजी महिला छात्रावास (वर्किंग वुमेन हॉस्टल) बनवाने जा रही है। 75 बेड की क्षमता का एक हॉस्टल का निर्माण नगर निगम की तरफ से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनवाया जा रहा है। दूसरा वर्किंग वुमेन हॉस्टल मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत बनेगा। 500 बेड की क्षमता के इस हॉस्टल के निर्माण पर 47.38 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा बताते हैं कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग की तरफ से बनने वाले 500 बेडेड वर्किंग वुमेन हॉस्टल के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, गोरखपुर इकाई को नामित किया गया है। इसकी निविदा 28 जनवरी को प्रकाशित की गई है, तकनीकी बिड 6 मार्च को खोली जाएगी। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद इसका शिलान्यास मार्च माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की भी तैयारी की जा रही है। इस हॉस्टल का निर्माण चरगांवा ब्लॉक परिसर से सटे 6,640 वर्ग मीटर जमीन पर किया जाएगा। महिला कल्याण अनुभाग-3 की तरफ से स्वीकृत धनराशि 47 करोड़ 38 लाख 47 हजार रुपये में से प्रथम किस्त के रूप में 16 करोड़ 58 लाख 46 हजार रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं। राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार वर्किंग वुमेन हॉस्टल की बिल्डिंग में स्टिल्ट पार्किंग रहेगी। उसके ऊपर आठ मंजिला भवन बनाया जाएगा। इस भवन में सिंगल बेड, डबल बेल और ट्रिपल बेड क्षमता के 250 कक्ष बनाए जाएंगे। यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा होगी और परिसर में हॉर्टिकल्चर कार्य भी कराए जाएंगे। छात्रावास में आधुनिक सुविधाएं होंगी। इनमें सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम और शिशु सदन शामिल हैं। साथ ही जिम सेंटर, ऑडिटोरियम, लॉन्ड्री, वाहन पार्किंग, कैंटीन और डिपार्टमेंटल स्टोर भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम की तरफ से एक वर्किंग वुमेन हॉस्टल पहले से निमार्णाधीन है। सहारा इस्टेट के समीप बन रहे 75 बेडेड इस हॉस्टल के निर्माण पर 18.08 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री इस हॉस्टल का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में करने की घोषणा कर चुके हैं। इसका करीब 40 फीसद निर्माण हो चुका है और जून 2027 तक इसके बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है।

# सौतेली मां ने 3 साल की मासूम की कुल्हाड़ी से हत्या, सिर धड़ से किया अलग तंत्र-मंत्र की आशंका

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर जिले के कुसम्ही बाजार क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सौतेली मां ने तीन साल की मासूम बच्ची की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के दौरान महिला ने बच्ची का सिर धड़ से अलग कर दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना इमलिया उर्फ विजहरा गांव, थाना पिपराइच थाना क्षेत्र की है। बुधवार देर रात करीब 12 बजे आरोपी महिला ने घर के अंदर इस वारदात को अंजाम दिया, जबकि उसका पति घर के बाहर फोन पर बात कर रहा था। घटना के बाद जब परिजन और आसपास के लोगों ने अंदर का मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए। मासूम बच्ची का शव घर में पड़ा था और उसके पास सिंदूर से टीका किया गया था, जिससे तंत्र-मंत्र की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला की शादी 25 जनवरी 2026 को हुई थी। पति की पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी और उसी पत्नी से तीन साल की यह बच्ची थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद महिला ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला घर से भागने की कोशिश कर रही थी, लेकिन गांव के लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही रात में ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) और थाना प्रभारी पिपराइच पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# चोपन से हरी झंडी के साथ रवाना हुई धनबादझभोपाल एक्सप्रेस,




**क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम**

**अमन लेखनी समाचार**

चोपन/सोनभद्र। चोपन रेलवे स्टेशन पर आज भारतीय रेल की नई त्रि-साप्ताहिक धनबाद भोपाल एक्सप्रेस के शुभारंभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओबरा विधानसभा क्षेत्र के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड एवं रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद छोटेलाल खरवार बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंडल यातायात प्रबंधक रंजीत कुमार ने अतिथियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि यह नई ट्रेन क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगी। धनबादझभोपाल एक्सप्रेस (11631) सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को भोपाल से शाम 8:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 10:20 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 10:50 बजे चोपन से धनबाद के लिए रवाना होगी। वहीं, 11632 धनबादझभोपाल एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार एवं रविवार को धनबाद से सुबह 7:20 बजे चलकर शाम 4:05 बजे चोपन पहुंचेगी तथा 4:25 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी। ट्रेन का रूट भोपालझइटारसीझकटनीझसिंगरौलीझ चोपनझधनबाद तथा वापसी में धनबादझचोपनझसिंगरौलीझकटनीझ इटारसीझभोपाल रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजीव त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी,विकास चौबे, नजमुद्दीन, सतीश कुमार, सचिव उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार पासवान, कपिल कुमार, राकेश चौरसिया, स्टेशन प्रबंधक चोपन धीरेंद्र कुमार सहित एच.आर. मिश्रा, कनक ओझा, वी.के. द्विवेदी, आर.बी. पाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# पूर्व सांसद विनय कटियार ने किया पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सोलर ग्रीन योजना का उद्घाटन

**सोलर ग्रीन योजना से दूर होगा ऊर्जा संकट**

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती/ पूर्व सांसद विनय कटियार ने रोडवेज के निकट सोलर ग्रीन योजना केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। कहा कि यह केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इससे ऊर्जा संकट दूर होगा। यह केन्द्र पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। पूर्व सांसद विनय कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना देश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सोलर ग्रीन योजना के माध्यम से आम लोगों को बिजली बिल में राहत मिलेगी और बिजली कटौती जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाएं और अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं। सोलर ग्रीन योजना के प्रोपराइटर सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य लोगों तक बेहतर और पारदर्शी सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र पर सोलर पैनल इंस्टॉलेशन से लेकर सब्सिडी संबंधी पूरी प्रक्रिया में उपभोक्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ग्राहकों के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे इच्छुक उपभोक्ता आसान किस्तों में सोलर सिस्टम लगवा सकें। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित सब्सिडी का लाभ भी पात्र उपभोक्ताओं को दिलाया जाएगा। इस अवसर पर अमित चौधरी, सनी चौधरी, विकास चौधरी, मोनू चौधरी, अजय चौधरी, अभिषेक चौधरी, लवकुश चौधरी, विशाल चौधरी, राहुल चौधरी, इन्द्रलेश चौधरी,, अशोक चौधरी, मनोज, जयसिंह, नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नौजवानों सकल तुम्हारे हाथ मे है,किश्मत अपने हाथ से लिखोः बृजेश

**अध्यापक की भूमिका में नजर आए डिप्टी सीएम ने कहा हमें सब कुछचाहिए**

**-उन्होंने मुंशी प्रेमचंद सूरदास और कबीर का दिया उदाहरण कहा यह सब आज भी प्रासंगिक**

**सीएसएन पीजी कालेज के हीरक जयंती समारोह में आये थे डिप्टी सीएम**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई जिले के सीएसएन पीजी कॉलेज में आयोजित हुए हीरक जयंती समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ठेठ हरदोई की भाषा मे मंच से अपना सम्बोधन दिया और अध्यापक की तरह छात्रों को सम्बोधित कर विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों से संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। हीरक जयंती समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम ने कॉलेज के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहनलाल वर्मा को नमन किया और कहा कि समय के साथ हरदोई में कई उतार-चढ़ाव आए लेकिन शहर की पहचान और आत्मा हमेशा कायम रही।छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे यहां भाषण देने नहीं बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं।उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों से संवाद बनाए रखने का आह्वान किया।डिप्टी सीएम ने कहाकि भारत के नौजवानों कल तुम्हारे हाथ में है अपनी किस्मत अपने हाथ से लिखने से कोई नहीं रोक सकता है।उन्होंने कहाकि हमें सब कुछ चाहिए हम इतिहास भी सीखेंगे विज्ञान को भी सीखेंगे और जिस दिन सब कुछ हमारे हाथ हो जाएगा नौकरी आपके पीछे घूमने लगेगी और लोग आपको सर आंखों पर बैठाने का काम करेंगे।उन्होंने कहाकि इतिहास पर नजर डालो मुंशी प्रेमचंद सूरदास कबीर आज भी प्रासंगिक है।उन्होंने चंद्रशेखर आजाद का स्मरण करते हुए युवाओं से महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने से सफलता अवश्य मिलती है।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'द ममी 4' की रिलीज डेट की हुई घोषणा, 20 साल बाद साथ दिखेंगे



'द ममी 4' पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है, जिसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज लगभग 20 साल बाद रि क ओ ' को ने ल और एवलिन कार्नाहन के रूप में वापसी कर रहे हैं। लगभग 20 साल बाद, 'द ममी' सीरीज की चौथी फिल्म बड़े पर्दे पर आने वाली है। इसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वापस लौट रहे हैं। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने 'द ममी 4' की रिलीज की घोषणा कर दी है। जानिए यह फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। 'द ममी' फिल्म की चौथी किस्त 19 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में ब्रेंडन फ्रेजर फिर से रिक ओ'कोनेल का रोल निभाएंगे और राहेल वीज एवलिन कार्नाहन (एवी) का किरदार करेंगी। इससे फैंस को बहुत खुशी हो रही है और पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई डिटेल नहीं बताई गई है, लेकिन पिछली फिल्मों की जबरदस्त पॉपुलैरिटी को देखते हुए सभी फैंस बहुत उत्साहित हैं। द ममी सीरीज की शुरुआत 1932 की फिल्म से हुई थी, लेकिन 1999 में ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वाली नई फिल्म ने एक्शन, कॉमेडी और डरावने रोमांच का शानदार मिश्रण दिया और दुनिया भर में फैंस बना लिए। 1999 की द ममी- एवलिन गलती से इम्होतेप को जगा देती है। 2001 की द ममी रिटर्न्स- इम्होतेप को वापस लाने की कोशिश और नए खतरे। 2008 की द ममीः टॉम्ब ऑफ द ड्रैगन एम्परर- चीनी सम्राट का खतरा में एवलिन का रोल बदल गया था। अब नई फिल्म 'द ममी 4' को रेडियो साइलेंस के डायरेक्टर मैट बेटिनेली-ओल्पिन और टायलर गिलेट निर्देशित कर रहे हैं। पटकथा डेविड कॉगेशल लिख रहे हैं। ब्रेंडन फ्रेजर खुद भी कार्यकारी निर्माता हैं। यह फिल्म एक्शन, एडवेंचर और पुरानी वाली मजेदार केमिस्ट्री के साथ वापसी कर रही है।

## टॉलीवुड

### नागा चैतन्य की एनसी 24 का नया पोस्टर रिलीज, दिखेगी 'वृषकर्मा' की खास झलक



नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर आज रिलीज किया गया है, जिसमें नागा चैतन्य एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। पहले 'वृषकर्मा' का नाम एनसी 24 था। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने इसकी खास झलक को दिखाने का वादा करते हुए एक तारीख दी है, जिस दिन 'वृषकर्मा' की खास झलक पेश की जाएगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर नागा चैतन्य की 24वीं फिल्म 'वृषकर्मा' का एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने जानकारी दी है कि 'वृषकर्मा' की खास झलक 5 मार्च, 2026 को दिखाई जाएगी। जिसे फिल्म की टीम ने मिलकर कुछ बेहद रोमांचक तैयार किया है। युवासम्राट नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का नाम पहले एनसी 24 था। अब इसका आधिकारिक नाम 'वृषकर्मा' है। यह एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। साउथ स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी 24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म में नागा चैतन्य के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर 120 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म का निर्माण बीवीएसएन प्रसाद और सुकुमार ने किया है।

## भोजपुरी

### माही और शिवानी का भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिह' रिलीज, फैंस ने लुटाया प्यार



माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। इस गाने का ऑडियो जितना मधुर और कर्णप्रिय है, इसका वीडियो उतना ही मनमोहनक है। इस गाने के वीडियो में गुलाबी रंग का साड़ी ब्लाउज पहने माही श्रीवास्तव कातिल अदाओं से चक्कू छुरिया चलाकर लोगों को दिलों को घायल कर रही हैं। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने हसबैंड से कुछ चीज बाजार से खरीद कर लाने के लिए कह रही हैं, जबकि उनका हसबैंड बाजार जाने के लिए आना कानी कर रहा है। इस पर वह उसे मनाते हुए कह रही हैं किनई नोहर बानी अभी जे कनिया, जाइ के मन नाही करे दुकनिया, गरम ना ठंडा एकदम ताजा रहिहा, राजा हमर राजा रहिहा, पिये वाला माजा रहिहा..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी रोमांटिक गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर शिवानी सिंह ने मधुर आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव ने अपने मनमोहक अदा से बिजली गिरा रही है। इस गाने को गीतकार कृष्णा बेदर्दी ने लिखा है।

लाइफ स्टाइल



बदलाव का दौर

> फैशन इंडस्ट्री टिकाउपन के लिए बदलाव के दौर से गुजर रही है। यह कस्टमर की नई उम्मीदों, रेगुलेटरी दबाव और कॉस्ट को सही करने के बीच संतुलन बिठाने की कवायद भी है। इस मामले में, सेकंडहैंड फैशन एक पेरिफेरल ट्रेंड के बजाय एक स्ट्रक्चरल ड्राइवर के तौर पर खुद को स्थापित कर रहा है। कॉम्पिटिटिव बने रहने के लिए, यह अब सिर्फ़ एक ₹ज़िम्मेदार₹ ऑप्शन नहीं रह सकता; यह अच्छा होना चाहिए।

## घुटने और कोहनी के कालेपन से हैं परेशान तो अपनाएं घरेलू उपाय

बहुत से लोगों का कोहनी और घुटने रंग काफी काला होता है, ऐसा होने के पीछे कई कारण हैं। मगर आइए इस लेख में कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानते हैं जो आपके घुटने और कोहनी को साफ रखने में मदद कर सकते हैं। हम अपने चेहरे और बालों की देखभाल में काफी समय बिताते हैं, लेकिन कोहनी और घुटनों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अक्सर ये देखने को मिलता है कि हमारा कुहनी और घुटनों के त्वचा का रंग शरीर के थोड़ा काला होता है, थोड़ा बहुत रंग का अंतर होना सामान्य है। मगर घुटनों या कुहनी का रंग ज्यादा काला है तो आपको उसे साफ करना चाहिए। दरअसल, समय के साथ इन हिस्सों पर मृत कोशिकाओं की परत जमने और घर्षण के कारण त्वचा काली और सख्त हो जाती है। मेडिकल भाषा में इसे 'हाइपरपिग्मेंटेशन' कहा जा सकता है, जो मेलानिन के अधिक जमाव के कारण होता है। कोहनी और घुटनों की त्वचा में तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे ये हिस्से जल्दी रूखे हो जाते हैं और गंदगी को सोख लेते हैं। बाजार में मिलने वाली महंगी क्रीमों के बजाय, आपकी रसोई में मौजूद प्राकृतिक सामग्रियां जैसे नींबू, बेकिंग सोडा,



और एलोवेरा इस कालेपन को दूर करने में रामबाण साबित हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि ये उपाय न सिर्फ सुरक्षित हैं बल्कि त्वचा को गहराई से एक्सफोलिएट कर उसे नरम और चमकदार भी बनाते हैं। आइए इस लेख में उन असरदार घरेलू नुस्खे को बारे में जानते हैं, जो आपको इस समस्या से निजात दिला सकते हैं।

### नींबू और चीनी का प्राकृतिक स्क्रब

नींबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जिसमें विटामिन-C प्रचुर मात्रा में होता है, जबकि चीनी के दाने बेहतरीन एक्सफोलिएटर का काम करते हैं। आधा कटा हुआ नींबू लें और उस पर थोड़ी चीनी छिड़कें। अब इसे कोहनी और घुटनों पर 5-10 मिनट तक रगड़ें। यह न सिर्फ मृत त्वचा को हटाएगा बल्कि काले धब्बों को हल्का करने में भी मदद करेगा। अच्छे परिणाम के लिए इसे सप्ताह में दो बार दोहराएं।

### बेकिंग सोडा और दूध का पेस्ट

बेकिंग सोडा त्वचा की गहरी सफाई करने में मदद करता है और दूध त्वचा को नमी प्रदान करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा दूध मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे प्रभावित हिस्सों पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह मिश्रण त्वचा के pH स्तर को संतुलित करता है और धीरे-धीरे कालेपन की परत को साफ कर देता है।

### एलोवेरा जेल और नारियल तेल

रूखापन कालेपन का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। एलोवेरा जेल में मौजूद एलोसिन मेलानिन के उत्पादन को कम करता है, जबकि नारियल तेल विटामिन-E से भरपूर होता है।

## होली पार्टी के लिए ऐसे हों तैयार कि हर कोई देखता रह जाए





अगर आपको भी होली पार्टी में शामिल होना है लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे तैयार हों, तो ये लेख आपके काम का होने वाला है। रंगों का त्योहार होली सिर्फ एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि खुशियों, मस्ती और दोस्तों-परिवार के साथ यादगार पल बनाने का अवसर है। जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर कोई होली पार्टी की तैयारी में जुट जाता है। अगर आप भी इस बार होली पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं लेकिन समझ नहीं पा रहे कि कैसे तैयार हों, क्या पहनें, स्किन और बालों का कैसे ध्यान रखें या पार्टी में सबसे अलग कैसे दिखें तो यह लेख आपके लिए बेहद खास है।

सही आउटफिट से लेकर स्किन केयर, हेयर प्रोटेक्शन और ट्रेंडी एक्सेसरीज़ तक, छोटी-छोटी बातें आपकी होली को और भी शानदार बना सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे आसान और असरदार टिप्स, जिनकी मदद से आप बेफिक्र होकर रंगों का मज़ा ले सकेंगे और हर किसी की नजरों में छा जाएंगे।

### सही आउटफिट चुनें

होली पार्टी के लिए कपड़े चुनते समय स्टाइल के साथ आराम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सफेद या हल्के रंग जैसे व्हाइट, क्रीम, लाइट पिंक या बेबी ब्लू पहनने से रंग ज्यादा उभरकर दिखाई देते हैं। कॉटन या लिनन जैसे हल्के फैब्रिक पहनें क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और स्किन को सांस लेने देते हैं। बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि गीले होने पर असहज महसूस हो सकता है। ऐसे कपड़े न पहनें जो बहुत महंगे हों या जिन्हें ड्राई क्लीन की जरूरत पड़े, क्योंकि होली के रंग पूरी तरह निकलना मुश्किल हो सकता है।

### स्किन और बालों की सुरक्षा

होली के रंगों में कभी-कभी केमिकल मिल सकते हैं, इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है। रंग खेलने से लगभग आधा घंटा पहले चेहरे, हाथ, गर्दन और पैरों पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं घुसता और बाद में आसानी से साफ हो जाता है। बालों में अच्छी तरह तेल लगाकर चोटी या जूड़ा बना लें, ताकि बाल कम डैमेज हों। अगर पार्टी धूप में है तो SPF 50 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं। नाखूनों पर नेलपेंट लगाने से भी रंग चढ़ने से बचाव होता है।

## बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, मिलेगा निखार

सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।

### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10–15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।



### घर पर पेडिक्योर कैसे करें ?

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।

## जानें मुंहासे पर काबू पाने का तरीका

अगर आपके चेहरे पर भी मुंहासे बार-बार बढ़ जाते हैं तो पहले इसकी वजह जान लें और फिर उससे बचने के तरीके। हर कोई अपनी स्किन को साफ, चमकदार और बेदाग देखना चाहता है, लेकिन चेहरे पर अचानक आने वाले पिंपल्स या मुंहासे इस खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं। अक्सर किसी खास मौके से पहले ही चेहरे पर एक बड़ा सा पिंपल निकल आता है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो जाता है। किशोरावस्था से लेकर बड़ों तक, मुंहासों की समस्या आम है और ये किसी भी स्किन टाइप में हो सकती है। कई लोग महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सही कारण जाने बिना समस्या बार-बार लौट आती है।

दरअसल, मुंहासे सिर्फ बाहरी गंदगी की वजह से नहीं, बल्कि शरीर के अंदर होने वाले बदलावों के कारण भी होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पहले इसकी असली वजह समझी जाए और फिर सही उपाय अपनाए जाएं। यहां इस लेख में हम आपको इससे जुड़ी हर बात बताएंगे।

### मुंहासे होने की वजह

मुंहासे तब होते हैं जब त्वचा के रोमछिद्र (पोर्स) तेल, गंदगी और मृत कोशिकाओं से बंद हो जाते हैं।



सबसे बड़ी वजह हार्मोनल बदलाव है, खासकर किशोरावस्था, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या तनाव के दौरान। हार्मोन बढ़ने से त्वचा में सीबम (तेल) ज्यादा बनता है, जो बैक्टीरिया के साथ मिलकर पिंपल्स पैदा करता है। इसके अलावा ऑयली स्किन, गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स, ज्यादा मेकअप, जंक फूड, डेयरी प्रोडक्ट्स का अधिक सेवन, नींद की कमी और स्ट्रेस भी कारण बनते हैं। बार-बार चेहरे को छूना, गंदा तकिया कवर या मोबाइल स्क्रीन भी बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे मुंहासे बढ़ सकते हैं।

### इससे बचने के तरीके

दिन में दो बार माइल्ड, सल्फेट-फ्री फेसवॉश से चेहरा साफ करें। ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें।

कार्नर न्यूज

डेट नाइट के लिए तैयार होते वक्त टिप्स का रखें ध्यान

## डेट नाइट का मेकअप होता है खास, तैयारी में जरूर ध्यान दें कुछ जरूरी बातों पर

अगर आप भी डेट नाइट के लिए तैयार होना चाहती हैं तो अपने लुक को खास बनाएं। यहां हम उसके लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। अगर आप भी कुछ खास मौके पर डेट नाइट के लिए तैयार हो रही हैं, तो यहे समय है अपने लुक को खास और यादगार बनाने का। प्यार के खास दिन पर हर कोई चाहता है कि वह अपने पार्टनर के सामने सबसे अलग और आकर्षक दिखे। चाहे आप कैंडल लाइट डिनर पर जा रही हों या किसी रूफटॉप कैफे में खास शाम बिताने वाली हों, आपका आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस—तीनों का सही तालमेल आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। कुछ खास दिन सिर्फ प्यार जताने का दिन नहीं, बल्कि खुद को स्टाइलिश अंदाज में पेश करने का भी मौका है। सही रंगों का चुनाव, हल्का लेकिन ग्लैमरस मेकअप और ट्रेंड के मुताबिक एक्सेसरीज आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि आपकी डेट नाइट खास और यादगार बने, तो नीचे दिए गए टिप्स जरूर फॉलो करें।



### मेकअप रखें सॉफ्ट और ग्लोइंग

डेट नाइट के लिए मेकअप ओवरड्रामेटिक नहीं बल्कि सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो वाला होना चाहिए। ड्यूई बेस मेकअप चुनें ताकि स्किन फ्रेश और हेल्दी लगे। न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक रोमांटिक वाइब देती है। हल्का स्मोकी आई लुक आपकी आंखों को आकर्षक बनाएगा। हाईलाइटर से चीक्स और नोज ब्रिज को उभारें। ध्यान रखें कि मेकअप लाइटिंग के हिसाब से करें। अगर कैंडल लाइट डिनर है तो हल्का शिमर और ग्लोइंग फिनिश बेहतर रहेगा।

हेयरस्टाइल पर दें खास ध्यान

हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरा करती है। सॉफ्ट कर्ल्स आपको क्यूट और रोमांटिक लुक देंगे।लो बन आपको एलिगेंट और बॉस लेडी वाइब देगा। हाफ-टाई हेयरस्टाइल मॉडर्न और स्टाइलिश लगती है। स्ट्रेट और ओपन हेयर सिंपल लेकिन क्लासी विकल्प है। हेयरस्टाइल चुनते समय आउटफिट और फेस शेप का ध्यान जरूर रखें।

### एक्सेसरीज रखें मिनिमल

डेट नाइट पर ओवर एक्सेसराइजिंग से बचें। स्टड ईयररिंग्स, डेलिकेट नेकलेस, स्लिम ब्रेसलेट और एक क्लासी क्लच बैग आपके लुक को परफेक्ट बैलेंस देंगे।

### कॉन्फिडेंस है सबसे बड़ा स्टाइल

सबसे अहम बात आपका आत्मविश्वास। अगर आप खुद को अच्छा महसूस करेंगी तो वही चमक आपके चेहरे पर नजर आएगी। एक प्यारी मुस्कान, पॉजिटिव बॉडी लैंग्वेज और सहज व्यवहार आपकी डेट को और भी खास बना देगा।

